● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 195, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 27 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र
हक की बात, बुलंदी के साथ
विन्ध्य टाइगर

भूपेश बघेल की बढ़ सकती हैं मुश्किले 5

पंजाब में धवन की जगह लेंगे रोहित? 6

भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म के मार्ग पर चलने का दिया संदेश: डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमे धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। चंदेरी नगरी का संबंध भगवान श्रीकृष्ण से रहा है। चंदेरी पवित्र नगरी है। इस नगरी के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। चंदेरी को पर्यटन तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमें अडिग होकर धर्म के मार्ग पर चलना सिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अशोकनगर के चंदेरी की नवीन कृषि उपज मंडी में आयोजित श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। कार्यक्रम में में संस्कृति विभाग, मॉडल स्कूल चंदेरी, लोक कला मंडली चंदेरी तथा वृंदावन के कलाकारों द्वारा कृष्णलीलाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यरक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव, पिछोर विधायक श्री प्रीतम सिंह लोधी, पूर्व विधायक अशोकनगर श्री जजपाल सिंह जज्जी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं बडी संख्याग में गणमान्यज नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा देश संस्कृति प्रधान देश है। उन्होंने कहा कि चंदेरी हेण्डलूम पार्क में सभी धर्म के लोगों ने एक साथ हथकरघा पर काम करते हुए चंदेरी साड़ी को विश्व में प्रसिद्ध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने 11 साल की उम्र में शिक्षा का महत्व बताया और कर्म के आधार पर शिक्षा का पाठ भी पढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमारा सनातन धर्म अदभुत है। भगवान श्रीकृष्ण को माखन चोर कहने वाले प्रसंग को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की माता ने उनसे कहा था कि उनके लोगों के द्वारा बनाया गया माखन कंस के घर जाता है। बृजवासियों का माखन कंस के यहां नहीं जाए इसलिए वे माखन खा जाते थे और दोस्तों के साथ मटकी फोड़ देते थे। उन्होंने यशोदा माता के मातृ प्रेम तथा सुदामा की मित्रता का वर्णन विस्तार से किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिशुपाल की नगरी चंदेरी में श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम में शामिल होने पर हम सभी गौरवान्वित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों का विकास कर नवीन स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। बेहतर शिक्षा के लिए नवीन शिक्षा नीति लागू की गई है। देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश में इस नीति को लागू किया गया है। नई शिक्षा नीति में धार्मिक शिक्षा पर भी जोर दिया गया है। इससे निश्चित ही सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। पाठ्यक्रम में श्रीराम, श्रीकृष्ण के पाठ को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण का अभियान चलाया जा रहा है। बहनों के सारे कष्टों को दूर किया जायेगा।

कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय उर्जा विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी का शुभारंभ चंदेरी से हुआ है। इस भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण का आना हुआ है। इस भूमि को मैं प्रणाम करता हूँ। यह कार्यक्रम हर वर्ष चंदेरी में मनाया जाए।

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हेतु कांग्रेस-एनसी ने सीट बंटवारे का किया एलान

जम्मू

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी अपनी स्थित साफ कर दी है। पार्टी ने घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। इसके तहत कांग्रेस प्रदेश की 32 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारेगी। वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर लड़ेगी। इसके अलावा पांच सीटों पर दोनों अपने-अपने प्रत्याशी उतारेंगे। जिसे फ्रेंडली फाइट के तौर पर लड़ा जाएगा। सीट बंटवारे पर राज्य कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस 32 पर और हम पांच सीटों पर मैत्रीपूर्ण लेकिन अनुशासित मुकाबला करने पर सहमत हुए हैं। इन 88 सीटों के अलावा, हमने एक सीट सीपीआई (एम) और एक सीट पैंथर्स पार्टी के लिए छोड़ी है।

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर की आत्मा को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। हमारे गठबंधन का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर की आत्मा को बचाना है, इसलिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में एक ऐसी सरकार बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ पूरी तरह से अनुकूल हो। हमने चर्चा की है और हम एक सूत्र पर पहुंचे हैं जिसे अब हमारे नेता साझा करेंगे। हम एक साथ लड़ेंगे, हम जम्मू-कश्मीर जीतेंगे। हम जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाएंगे।

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गांदरबल से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। यह घोषणा रविवार को सांसद सैयद रुहुल्ला मेहदी और पार्टी के संभागीय अध्यक्ष नासिर असलम वानी ने उमर और सांसद मियां अल्ताफ अहमद की उपस्थिति में की। लंबे समय से उमर यह बात दोहरा रहे थे कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। बता दें कि उमर ने कहा था, जब तक जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा, वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। उमर अब्दुल्ला 2009 से 2015 तक जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे। वह दो बार सांसद भी रहे। इसके साथ ही गांदरबल (2008-2014) और बीरवाह (2014-2019) से विधायक रहे। वह 2002 का विधानसभा चुनाव गांदरबल से पीडीपी के काजी मोहम्मद अफजल से हार गए थे।

अहमदाबाद में 12 घंटे में 6 इंच बारिश, शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात



नई दिल्ली। देश के ज्यादातर राज्यों में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में भारी बारिश की चेतावनी दी है। गुजरात के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। सोमवार को तेज बारिश का सबसे ज्यादा असर अहमदाबाद में दिखाई दिया। यहां सुबह करीब 3 बजे से बारिश हो रही है। पिछले 12 घंटे में शहर में 6 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके चलते शहर के कई इलाकों में 7 फीट तक पानी भरा हुआ है। गांधीनगर, अहमदाबाद, वडोदरा, वलसाड समेत 23 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश के नीमच, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम समेत 8 जिलों में अगले 24 घंटे के अंदर बाढ़ आने का खतरा है। वहीं, राजस्थान में आज 5 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट और 5 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर, महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज का 35 फीट ऊंचा स्टैच्यू गिर गया। इस स्टैच्यू का राजकोट फोर्ट में 4 दिसंबर 2023 को उद्घाटन किया गया। अफसरों का कहना है कि स्टैच्यू के गिरने के कारणों का पता लगाया जाएगा।

एमपी सरकार देगी केरल और त्रिपुरा को 20-20 करोड़ रूपए की सहायता

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भीषण प्राकृतिक आपदा से प्रभावित केरल और त्रिपुरा की सरकार को राहत प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की ओर से 20-20 करोड़ रूपए की सहायता जारी करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं और संकट की इस घड़ी में मध्यप्रदेश सरकार दोनों राज्यों के साथ है। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण से जल्द से जल्द इस संकट को दूर करने की प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मीडिया से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्य भीषण वर्षा, बाढ़ एवं भूस्खलन से प्रभावित हैं। पिछले कुछ दिनों में त्रिपुरा और केरल राज्य में भीषण प्राकृतिक आपदा की घटनाएँ हुई हैं, जिसमें बड़े स्तर पर जन-धनहानि होना अत्यंत दुखद है।

मप्र से निर्विरोध चुने जाएंगे जार्ज कुरियन

भोपाल

मध्य प्रदेश से राज्य सभा की एक रिक्त सीट के लिए अब मतदान नहीं होगा। निर्दलीय प्रत्याशी कांतदेव सिंह ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। भाजपा के प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन निर्विरोध निर्वाचित होंगे।

इसकी घोषणा मंगलवार को नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद कर दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद राज्य सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था।

रिक्त सीट को भरने के लिए उपचुनाव में भाजपा से केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन ने नामांकन पत्र भरा, वहीं, भाजपा नेता कुलदीप बेलावत और कांतदेव सिंह ने निर्दलीय नामांकन पत्र भरा था। जांच में कुलदीप बेलावत का नामांकन पत्र निरस्त हो गया और अब कांतदेव सिंह ने भी नाम वापस ले लिया है। ऐसे में, जार्ज कुरियन का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। बता दें कि कांतदेव भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि उनका नामांकन भी विकल्प के रूप में भरवाया गया था।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि नाम वापसी के निर्धारित समयावधि पूरी होने के बाद निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर निर्वाचन प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा।

इसे प्राप्त करने के लिए या तो प्रत्याशी को स्वयं आना होगा या वह किसी को अधिकृत भी कर सकते हैं। उपचुनाव शेष अवधि के लिए हुआ यानी जार्ज कुरियन राज्य सभा में 21 जून 2026 तक मध्य प्रदेश से सदस्य रहेंगे। इसके बाद मंत्री बने रहने के लिए उन्हें फिर से राज्य सभा या लोकसभा में से किसी एक सदन की सदस्यता लेनी होगी।

रूस पर अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर जैसा हमला

मॉस्को। रूस के सारातोव में सोमवार (26 अगस्त) को अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेंड सेंटर जैसा हमला हुआ है। एक ड्रोन सुबह 38 मंजिला रिहायशी इमारत 'वोल्गा स्काई' से टकराया। इसमें 4 लोग घायल हुए। रूस ने इस हमले का आरोप यूक्रेन पर लगाया।

इसके पलटवार में रूस ने यूक्रेनी शहर कीव, खारकीव, ओडेसा और लीव समेत 12 शहरों पर 100 मिसाइलें और 100 ड्रोन दागे हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हमला सुबह के वक्त ही हुआ। यूक्रेनी एयरफोर्स के अधिकारियों ने बताया कि कीव पर अटैक 11 टीयू-95 स्ट्रैटजिक बॉम्बर्स, किंझल बैलिस्टिक मिसाइलें से किया गया। अभी तक एक रिहायशी इमारत के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है।

हमले में 5 लोगों के मौत होने की जानकारी भी सामने आई है। रूस का हमला यूक्रेन-पोलैंड के बॉर्डर के नजदीक हुआ है। पोलैंड के सैन्य अधिकारियों ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि, हमले के बाद पोलिश और उसके नाटो देशों के एयरक्राफ्ट्स को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

कंगना को किसान आंदोलन पर बोलने की इजाजत नहीं : भाजपा



नई दिल्ली। भाजपा ने एक्ट्रेस-सांसद कंगना रनोट के उस बयान से खुद को अलग कर लिया है, जिसमें उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान रेप-मर्डर होने की बात कही थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सोमवार को भाजपा की प्रेस रिलीज जारी की। इसमें लिखा है- पार्टी कंगना के बयान से असहमत है। उन्हें पार्टी के नीतिगत मुद्दों पर बोलने की इजाजत नहीं है। वे पार्टी की तरफ से बयान देने के लिए अधिकृत भी नहीं हैं।

भाजपा ने कंगना को हिदायत दी है कि वे इस मुद्दे पर आगे कोई बयान न दें। पार्टी स्टेटमेंट में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलने की बात कही गई है।

भाजपा की प्रेस रिलीज पर शिवसेना (उद्धव गुट) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि न तो यह भाजपा के लेटरहेड पर है, न इस पर किसी के दस्तखत है। यह भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी नहीं है। उन्होंने भाजपा को टैग करके लिखा कि इसके पीछे कोई वजह है या यह भी एक जुमला है। एक इंटरव्यू में कंगना ने कहा था कि पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे। वहां रेप और हत्याएं हो रही थीं। अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब को भी बांग्लादेश बना दिया जाता। किसान बिल को वापस ले लिया गया वर्ना इन उपद्रवियों की बहुत लंबी प्लानिंग थी। वे देश में कुछ भी कर सकते थे। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा- गेट वेल सून कंगना। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा के लोग अन्नदाता से इतनी नफरत क्यों करते हैं। भाजपा ने हमेशा किसानों के खिलाफ षड्यंत्र किया है, उनसे झूठ बोला है और उनकी आवाज दबाई है। एक बार फिर भाजपा की एक सांसद ने अन्नदाता पर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। सुरजेवाला ने कहा- अब सवाल यह है कि क्या कंगना ने यह घटिया आरोप भाजपा की चुनावी रणनीति के तहत लगाए हैं। क्या ये केवल कंगना के शब्द थे या किसी और के। अगर नहीं, तो प्रधानमंत्री, हरियाणा के मुख्यमंत्री और भाजपा के सभी सांसद-विधायक इस पर खामोश क्यों हैं।

14 दिन की न्यायिक हिरासत में बदलापुर यौन-शोषण केस का आरोपी

मुंबई। ठाणे के बदलापुर में 2 बच्चियों के साथ यौन शोषण मामले में गिरफ्तार आरोपी अक्षय शिंदे को सोमवार सुबह कल्याण कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने आरोपी को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया था। उसे 21 अगस्त तक कस्टडी में रखा था। इसके बाद लोअर कोर्ट ने उसे आज यानी 26 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजा था।

इधर, महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने स्कूल के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि घटना वाले दिन का सीसीटीवी फुटेज गायब है। कुल 15 दिन का फुटेज डिलीट किया गया है। दरअसल, 12-13 अगस्त को एक निजी स्कूल में केजी क्लास की 2 बच्चियों से यौन शोषण की घटना हुई थी। मामले की जानकारी 20 अगस्त को सामने आई। जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

इसके बाद बदलापुर के हजारों लोगों ने हिंसक प्रदर्शन किया। लोकल ट्रेनों को रोका गया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। 72 लोगों को अरेस्ट किया गया। 17 पुलिसकर्मी भी घायल हुए।

आरएसएस के स्वयंसेवकों ने किया कृष्ण मंदिरों पर बांसुरीवादन

इंदौर। श्रीकृष्ण जन्माअष्टमी पर आरएसएस के स्वयंसेवकों ने इंदौर के तीन श्रीकृष्ण मंदिरों पर बांसुरीवादन किया। बरती बूंदों के बीच बांसुरी की मधुर धुनें माहौल को और भक्तिमय बना रही थी। सुबह रामबाग से स्वयंसेवक पथ संचालन के रुप में गोपाल मंदिर पहुंचे। बैंड की थाप पर करबद्ध तरीके से कदमताल करते हुए वे सबसे पहले गोपाल मंदिर पहुंचे। स्वयंसेवकों ने पाठ, मीरा, भूप, शिवरंजनी आदि रचनाएं बांसुरी की धुनों पर सुनाई। मंदिरों में दर्शन करने आए भक्त भी बांसुरी की धुन में रम गए। शहर के 30 से अधिक मंदिरों में बांसुरीवादन स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। शाम को सुभाष नगर और उषा नगर के श्रीकृष्ण मंदिर में भी बांसुरीवादन किया गया। आरएसएस के स्वयंसेवक हर साल कृष्ण मंदिरों पर बांसुरीवादन करते है।

कोलकाता रेप-मर्डर केस का आरोपी संजय ने जुर्म कबूला

कोलकाता। कोलकाता रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। संजय ने कहा कि उसने रेप के बाद ट्रेनी डॉक्टर का मर्डर किया था। घटना को अंजाम देने से पहले वो रेड लाइट एरिया गया था। रास्ते में भी एक लड़की को छेड़ा और गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगी थीं।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय ने एक दिन पहले 25 अगस्त को पॉलीग्राफ टेस्ट में ये सारी बातें कही हैं। पुलिस कस्टडी में भी संजय ने रेप और मर्डर की बात स्वीकार की थी। संजय का यह कबूलनामा मर्डर और रेप के 18 दिन बाद आया है। 8 और 9 अगस्त की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में लड़की की अर्धनग्न बॉडी मिली थी।

सीबीआई और सेंट्रल फोरेंसिक टीम के मेंबर्स ने रविवार (25 अगस्त) को 3 घंटे संजय का पॉलिग्राफ टेस्ट किया। संजय ने कबूला कि उसी ने ट्रेनी डॉक्टर का रेप करने के बाद हत्या की थी। संजय ने पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान सीबीआई को बताया कि उसने 8 अगस्त को अपने एक दोस्त के साथ शराब पी थी। इसके बाद वह रेड लाइट एरिया गया। रास्ते में उसने एक लड़की को मॉलेस्ट किया। इसके बाद संजय ने देर रात अपनी गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात की न्यूड तस्वीरें मांगीं। संजय ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे संजय हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल पहुंचा, जहां ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के बाद वह सुबह अपने दोस्त के घर गया।

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 5 नए जिले बनेंगे

जिलों की संख्या बढ़कर 7 होगी, पीएम मोदी बोले- अब विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा

लेह। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार (26 अगस्त) को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 5 नए जिले बनाने की घोषणा की। नए जिलों का नाम जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग होगा। नए जिलों की घोषणा से पहले लद्दाख में केवल दो जिले थे, लेह और कारगिल। अब इनकी संख्या बढ़कर 7 हो जाएगी।

अमित शाह ने एक्स पर लिखा- मोदी सरकार ने लद्दाख में नए 5 जिले बनाने का फैसला लिया है। सरकार हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत करके लोगों के लिए मौके बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

5 अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर के तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया था। आर्टिकल-370 निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना था।

पीएम मोदी ने इस फैसले की सराहना की और कहा कि यह बेहतर शासन की दिशा में एक कदम है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा- लद्दाख में 5 नए जिले बनना बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम है। जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग पर अब ज्यादा ध्यान दिया जाएगा, जिससे सेवाएं और अवसर लोगों के और भी करीब आएंगे। वहां के लोगों को बधाई।

क्षेत्रफल के नजरिए से लद्दाख एक बहुत बड़ा केंद्र शासित प्रदेश है। वर्तमान में लद्दाख में दो जिले हैं - लेह और कारगिल। यह भारत के सबसे कम आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। दुर्गम और कठिन होने के चलते जिला प्रशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इन जिलों के बनने के बाद अब केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन लोगों तक आसानी से पहुंच सकेगा।

लद्दाख के पूर्व सांसद और भाजपा नेता जामयांग सेरिंग नामग्याल कहा है कि नए जिले बनाने को लेकर लंबे समय से मांग उठ रही थी। मैं पीएम मोदी का धन्यवाद करना चाहता हूं। यह एक ऐतिहासिक फैसला है। मैंने अपने कार्यकाल में भी लोकसभा में ये मुद्दा छेड़ा था।

गृह मंत्रालय ने लद्दाख प्रशासन से नए जिलों के गठन से जुड़े सभी पहलुओं जैसे जिला मुख्यालय, सीमाएं, संरचना, पदों का निर्माण का आकलन करने के लिए एक समिति बनाने और तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उक्त समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख इस रिपोर्ट के आधार पर नए जिलों के निर्माण के संबंध में अंतिम प्रस्ताव गृह मंत्रालय को आगे की कार्रवाई के लिए भेजेगा।

लद्दाख के लोग पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग कर रहे हैं। इनका कहना है कि अगर पूर्ण राज्य न भी हो तो विधानसभा के साथ केंद्रशासित प्रदेश होना ही चाहिए। 4 मार्च को लद्दाख के दो प्रमुख संगठन लेह एपेक्स बॉडी यानी एबीएल और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस यानी केडीए के साथ गृह मंत्रालय की बैठक हुई थी। तब गृह मंत्रालय से लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और स्पेशल स्टेटस बरकरार रखने की मांग की गई थी।

माता पिता की आज्ञा का पालन कर विद्यार्थी सब कुछ पा सकते है : सांसद

प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय में श्री कृष्ण जन्म अष्टमी गरिमा पूर्ण मनाई गई

विधायक सिंगरौली ने नृत्य गायन करने वाले कालेज के तीन बच्चो को पॉच-पॉच हजार रूपये ईनाम राशि देने घोषण की

सिंगरौली। श्री कृष्ण जन्म अष्टमी गरिमापूर्ण भव्यता एवं उत्साह के साथ शासकीय महाविद्यालयो सहित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो में मनाई गई। छात्र छात्राओं के द्वारा कृष्णलीला पर आधारित नृत्य नाटक गीत सोहर प्रस्तुत कर उपस्थित जन समूह को मनमुग्ध कर दिया।

विदित हो कि शासन के निर्देश के पालन में श्री कृष्ण जी के जन्म अष्टमी का आयोजन महाविद्यालय मे सीधी सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य अतिथि में एवं सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, नगर निगम के अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, वार्ड पार्षद संतोष शाह के गरिमामय उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन कर कृष्ण जी के प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं हार पहनाया गया। उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुये सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि माता पिता का आज्ञा का पालन कर विद्यार्थी सब कुछ हासिल कर सकते है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद देते हुये कहा कि कालेजो एवं विद्यालयो में इस आयोजन से छात्र छात्राओं के प्रति आपसी मित्रता एवं उनके कर्तव्यों को पालन करने सहित अनेक संस्कार प्राप्त होते है। उन्होंने जन्म अष्टमी के अध्यात्मिक रहस्य के संबंध में विस्तार पूर्वक बताते हुये कहाकि श्री कृष्ण को हमेशा चैन की बंसी बजाते हुये देखते होगे जो हमे प्रेरणा देता है कि कैसी भी परिस्थिति हो हमे शांति और धैर्य से जीवन में आगे बड़ते रहना है। जीवन को प्रेरित करने वाली बाते जहा भी मिले हमे ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन्म अष्टमी हमे कृष्ण की भक्ति आर समर्पण की शक्ति प्राप्त करने का अवसर देती है। जीवन में ऐसा कोई कार्य नही है जो भक्ति और अध्यात्म कि शक्ति पूर्ण हो सके बस इस शक्ति जागृत करने की आवश्यकता होती है। वही सिंगरौली विधानसभा के विधायक श्री शाह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियो को संबोधित करते हुये कहा कि श्री कृष्ण जी के द्वारा दिये गये उपदेशो प्रेम मित्रता एवं कर्तव्य पालन को हम सब को ग्रहण करना चाहिएं। तथा देवसर विधानसभा के विधायक श्री मेश्राम ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम कर प्राप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जहा डॉ. अजीत राय और डॉ. नृत्यनंद चौधरी द्वारा सोहर गीत गाया गया वही अनुराधा और प्रिंस चौबे ने अपनी भजन से सब का मन मोह लिया। तथा मीरा ने नृत्य के माध्यम से वाहवाही बटोरी। छात्र छात्राओं के इस मन मोहक प्रस्तुति से प्रशंन्न होकर विधायक सिंगरौली ने तीन बच्चो को पॉच पॉच हजार रूपये देनी की घोषणा की।कार्यक्रम का सफल संचालन एक्सीलेंश महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमयू सिद्दी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद सीमा जयसवाल, वरिष्ट समाजसेवी सुन्दर लाल शाह, अरविंद दुबे, आशा यादव,रीता सोनी, सहित जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह, डीपीसी आर.एल शुक्ला, डॉ विनोद कुमार राय, डॉ. आर.के झा, डॉ. विभारानी सिंह पठानिया, डॉ. गुलाम मुयुनिद्दीन, डॉ. अजय चौबे, जीतेन्द जयसवाल, प्रियंक जयसवाल, मो. इरफान सहित महाविद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित रहे।इसी तहर से शासकीय उतकृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न एवं कन्या विद्यालय में भी छात्र छात्राओं के द्वारा कृष्ण लीला पर आधारित अपनी प्रस्तुतिया दी गई साथ ही छात्राओं के द्वारा सोहर गीत भी गाया गया। इन विद्यालयो मे सोहर गीत प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को ग्यारह-ग्यारह सौ रूपये देने की विधायक सिंगरौली ने घोषणा की।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का हुआ आयोजन

जिले के विद्यालयों में हर्षोउल्लास के साथ मना श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

सिंगरौली। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन जिला मुख्यालय सिंगरौली में भी पूरे हर्षोउल्लाश के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में सांसद सीधी-सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्रा की उपस्थिति में व विधायक द्वय सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह तथा देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, वार्ड क्रमांक 40 की पार्षद सीमा जायसवाल, जिले के कलेक्टर व अन्य जन प्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी छात्र-छात्राएं , शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का शुभारम्भ सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण व धूप, दीप के साथ हुआ। इस अवसर पर तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया। डॉ. शिवार्चन शुक्ल ने श्री कृष्ण के व्यक्तितत्व पर व्याख्यान दिया। जो बहुत ही सारगर्भित रहा। आज का यह कार्यक्रम जिले सम्पूर्ण शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में आयोजित किया गया। जिले के तीनों विकासखंडो के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों में विकास खंड स्तरीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा एवं मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन पर आधारित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान माला का भी आयोजन किया गया। सांसद ने भी भगवान श्री कृष्ण के जीवन चरित्र व उनके महात्म्य पर सारगर्भित उदबोधन दिया । सिंगरौली विधायक ने भी अपने विचार व्यक्त किये । इस अवसर पर सोहर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न, कन्या बैढ़न व सरस्वती शिशु मंदिर बैढ़न के द्वारा दी गई । इस अवसर पर डीईओ एसबी सिंह, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र सिंगरौली रामलखन शुक्ल व बीआरसीसी बैढ़न व अन्य अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एसडी पाण्डेय ने किया।

अगस्त का खाद्यान्न सितंबर में नहीं मिलेगा

सिंगरौली। जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चंद्रवंशी द्वारा बताया कि मध्य प्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत एवं प्रवासी श्रमिकों को पात्रतानुसार खाद्यान्न की आवश्यकता की पूर्ति के लिए राशन पर्ची, राशन कार्ड जारी किया जाना है। इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत प्राथमिकता श्रेणी में नवीन श्रेणी असंगठित एवं प्रवासी श्रमिक जोड़ी गई है। असंगठित एवं प्रवासी श्रमिक श्रेणी में संबल कार्ड अथवा ई-श्रम कार्डधारक श्रमिकों को पात्रता पर्ची जारी करने संबंधी कार्य के लिए श्रम विभाग नोडल रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर ने जिले के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। श्रम विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना संबल में पंजीकृत श्रमिक पात्र होंगे। नवीन जोड़ी गई श्रेणी असंगठित श्रमिक तथा ई-श्रम भारत सरकार पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक पात्र होंगे? नवीन जोड़ी श्रेणी असंगठित एवं प्रवासी श्रेणी अंतर्गत संबल कार्ड धारक अथवा ई-श्रम कार्ड धारक में से ऐसे कार्ड धारक को छोड़कर जिनके मुखिया या सदस्य आयकर दाता हो, केंद्र राज्य सरकार के किसी कार्यालय, शासकीय अर्दशासकीय सार्वजनिक एवं स्वायत्त उपक्रम, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंक एवं सरकारी संस्थाएं शामिल हैं। पात्रता पर्ची के लिए हितग्राही को अपनी ग्राम पंचायत, निकाय में दस्तावेज जमा कराने होंगे? ।खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार उचित मूल्य की दुकानों पर पात्र हितग्राहियों को अब अगस्त माह का खाद्यान्न अगस्त में ही लेना होगा। यह व्यवस्था अगले महीने में भी लागू रहेगी अर्थात सितंबर माह में केवल सितंबर का ही खाद्यान्न मिल सकेगा, पिछले महीनों का खाद्यान्न नहीं मिलेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था के तहत हितग्राहियों को जिस माह का खाद्यान्न उसी माह में लेना होगा, अगले महीने में नहीं मिलेगा।

1000 आगनवाड़ी केंद्रों के साथ जिला स्तर पर मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

सिंगरौली। मध्यप्रदेश शासन , संस्कृति विभाग द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पवित्र अवसर पर 16 स्थानों पर श्री कृष्ण पर्व का आयोजन किया जाना है ।भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पर्व पर महिला बाल विकास विभाग सिंगरौली द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला का निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सिंगरौली राजेश राम गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना सिंगरौली शहरी की आगनवाड़ी कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय महिलाओं द्वारा परम्परा युक्त पोशाक पहन कर अपने छोटे बालक बालिकाओ के साथ कृष्ण राधा का स्वरुप लेकर नाच गाकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे सम्मलित महिलाओं, बच्चों को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की वीडियोग्राफी भी दिखाई गई, रंगोली कार्यक्रम भी महिलाओं द्वारा आयोजित कराया गया कार्यक्रम उपरांत सभी उपस्थित महिलाओं, बच्चो को पौष्टिक लंच, फल का वितरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ सम्पूर्ण जिले में लगभग 1000 आगनवाड़ी केंद्र के साथ ही जिले में संचालित 6 बाल विकास परियोजनाओ में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का भव्य आयोजन किया गया।जिला स्तर पर कार्यक्रम के सफल आयोजन में बाल विकास शहरी के परियोजना अधिकारी शैलेंद्र साकेत, पर्यवेक्षक श्रीमती मीनाक्षी शुक्ला, जिला समन्वयक संदीप मिश्रा, विकास खंड समन्यवक गिरिजानंद जैसवाल, दिलीप दुबे, आंशिक खरे, अरुण मिश्रा,सहित भारी संख्या में महिलाएं, बालिकाएं सम्मलित रही।

लम्बे अर्से से फरार स्थाई वारण्टी को नवानगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिंगरौली। श्रीमती निवेदिता गुप्ता पुलिस अधीक्षक, शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के कुशल निर्देशन एवं पीएस परस्ते सीएसपी विन्ध्यगर के मार्गदर्शन पर नवानगर पुलिस को कामयाबी मिली हैं। जानकारी मे बताया गया कि माननीय न्यायालय पुष्पेन्द्र भार्गव न्यायिक मजिस्ट्रेट सिंगरौली के न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 406/2018 धारा 188 भादवि शासन विरूद्व संदीप कुमार शाह मे स्थायी वारन्टी संदीप कुमार शाह पिता पवन कुमार शाह ग्राम माडा थाना माडा का लम्बे अर्से से फरार चल रहा था, जिसकी दस्तयाबी के कई प्रयास किये गये जो नही मिल रहा था, जिसे मुखविर की सूचना पर सायबर सेल से लोकेशन के आधार पर बधौरा थाना माडा से पीछा करते हुये निगरी सीधी वार्डर से गिरफतार करने मे सफलता प्राप्त हुई है, ज्ञात हो कि स्थायी वारन्टी ट्रक चालक है, जो कभी कभार इधर आकर ट्रक को लोड कर बाहर चला जाता था। इस कार्यवाही मे निरीक्षक डॉ ज्ञानेन्द्र सिंह, सउनि पिन्टू राय, सउनि अरविन्द्र चतुर्वेदी, प्रआर प्रवीण सिंह , आर. दिलीप धाकड, अमृत राजपूत एवं वेद प्रकाश शुक्ला एवं सायबर सेल के सोवाल वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस ने विद्युत तार चोरी करने वालो आरोपियों को किया गिरफ्तार

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के कुशल निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा जिला सिंगरौली,एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के कुशल मार्गदर्शन में उप निरीक्षक मनोज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चोरी के आरोपीगण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी विवेक चौहान पिता सुरेश चौहान उम्र 32 वर्ष निवासी ढोहरा थाना दुल्लहपुर जिला गाजीपुर (उ.प्र.) हाल विद्युत वितरण केन्द्र सरई थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पत्र पेश किया कि बीते 23 अगस्त को रात करीब 8 बजे ग्राम ककरसिहा से ग्राम वासियो के द्वारा फोन के माध्यम से सूचना दी गई की अशोक गुप्ता नाम का व्यक्ति आटो से तार चोरी करके भाग रहा है तुरन्त अपने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर देखा गया कि उक्त व्यक्ति के द्वारा 11 के. व्ही के तार करीब 400 मीटर उसके गाडी (आटो) मे मौजूद था तथा ग्राम ककरसिहा मे ही 5 स्पान तार खम्भे से गायब मिला की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 865/2024 धारा 303 (2) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया दौरान विवेचना आरोपी अशोक गुप्ता पिता राम कुमार गुप्ता उम्र 34 वर्ष सा0 सरई थाना सरई से पूछतांछ करने पर अपने साथी राजेश कुमार जायसवाल पिता राम लल्लू प्रसाद जायसवाल उम्र 29 वर्ष सा0 ककरसिहा थाना सरई के साथ मे चोरी करना जुर्म कबूल किया गया जिस पर उपरोक्त दोनो आरोपी को बीते 25 अगस्त को गिरफ्तार कर विवेचना की जा रही है उक्त कार्यवाही मे उनि. मनोज सिंह, सउनि उपेन्द्र सिंह भदौरिया आर. ओमप्रकाश शर्मा, बबलू यादव, रिन्कू धाकड, आर. अशोक यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आज से तीन दिन तक बन्द रहेगी वाटर सप्लाई

सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिंगरौली के एसडीओ एनएन द्विवेदी ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 21 सेक्टर 1 से 4 तक एवं वार्ड 32 एवं 33 में 28 से 30 अगस्त तक जलापूर्ति बन्द रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार बनौली नाला में मिट्टी कट जाने के कारण पाइप के सिप्टिंग कार्य के लिए 28 से 30 अगस्त तक यानी तीन दिन वार्ड क्रमांक 21 सेक्टर 1 से 4 तक एवं वार्ड 32 एवं 33 में 28 से 30 अगस्त तक जलापूर्ति बन्द रहेगी।

प्रेम, कर्तव्य एवं मानवता के सच्चे पथ प्रदर्शक हैं भगवान श्री कृष्ण: कमलेश

सिंगरौली। सरस्वती शिशु मंदिर परसौना में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूम धाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विद्यालय के संयोजक कमलेश बैस रहे। कार्यक्रम की सभाध्यक्ष के रूप में ज्ञान प्रकाश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उमेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मा सरस्वती जी एवं भगवान श्री कृष्ण जी के बाल स्वरूप कान्हा जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने राधे कृष्ण रुप में सजे भैया/बहिनों का पूजन किया। कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कमलेश बैस ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने विषम परिस्थितियों में खुश रहकर हमें जीना सिखाया। भगवान श्री कृष्ण प्रेम, कर्तव्य एवं मानवता के अनुपम उदाहरण हैं। मां से उन्होंने ऐसा प्रेम किया कि आज भी हर माता अपने बेटे को कान्हा की संज्ञा देती। प्रेमी-प्रेमिका के नाम पर आज भी लोग आदर से राधा कृष्ण का नाम लेते हैं। सुदामा-कृष्ण मित्रता ने गरीबी अमीरी की खाई को पाट दिया। देश व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए बंशी छोड़कर शस्त्र भी उठा लेते हैं।

पुलिस ने अवैध रुप से रेत का परिवहन कर रहे ट्रेक्टर को किया जप्त

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के कुशल निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के कुशल मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रेत से भरा ट्रेक्टर को जप्त किया गया।

पुलिस ने बताया कि रात्रि गस्त में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पिपराझांपी से एक नीले रंग का ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रेत लोड कर डिग्घी तरफ बिक्री करने हेतु ले जा रहा है। सूचना पर पिपराझंपी तालाब के पास पहुंचे तो सामने से एक नीले रंग का ट्रैक्टर ट्राली सहित जिसमें फुलरेत लोड आते दिखा, ट्रेक्टर चालक को रुकवाकर उसका नाम पता पूछा गया तो अपना नाम बाबूलाल नाई पिता स्व. लालचन्द नाई उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पिपराझांपी थाना बैढ़न जिला सिंगरौली (म.प्र.) का रहने वाला बताया। जिसे धारा 94 बीएनएस का नोटिस देकर रेत परिवहन करने के संबंध में वैध कागजात चाहा गया जो नहीं होना बताया। ट्रेक्टर चालक उपरोक्त का यह कृत्य धारा 303(2), 317 बीएनएस 4/21 खान खनिज अधि. के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से एक अदद 434 पॉवर ट्रेक कम्पनी का नीले रंग का ट्रैक्टर क्र. एमपी 66 ए 7041 मय रेत लोड के जिसमें लगी नीले रंग की ट्राली में करीब 3 घन मीटर रेत लोड कुल कीमती लगभग 5,05,000 लाख रुपये का घटना स्थल से जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। धारा 35 (1) बीएनएस कि नोटिस देकर पाबंद किया गया। अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार सउनि. विश्वनाथ रावत, प्रआर कुलदीप शर्मा, प्रआर राय सिंह, प्रआर गणेशमीणा एवं आर.गौरव यादव, आर. विनोद शाक्य का सराहनीय योगदान रहा।

एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य टाइटन्स ने सीसीक्यूसी 2024 दिल्ली चैप्टर में जीता स्वर्ण पदक

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल टीम, विंध्य टाइटन्स ने श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, कटरा में आयोजित सीसीक्यूसी 2024 दिल्ली चैप्टर में प्रतिष्ठित गोल्ड अवार्ड जीता। टीम की विजेता प्रस्तुति रेसिन लॉस इ्यूरिंग रिजनरेशन फ्रोम एआरयू स्टेज 4 विंध्याचल पर केंद्रित थी, जो उनके अभिनव दृष्टिकोण और तकनीकी विशेषज्ञता को प्रदर्शित करती थी ।विजयी टीम में दीपक कुमार (फैसिलिटेटर), साजिद नेजाम (लीडर), जय प्रकाश यादव, पंकज चौधरी और मुनील कुमार शामिल थे। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और सहयोगात्मक प्रयास ने उन्हें शीर्ष सम्मान दिलाया, जिससे एनटीपीसी विंध्याचल को गौरवान्वित महसूस हुआ।

एनटीपीसी विंध्याचल को राष्ट्रीय पुरस्कार से किया गया सम्मानित

TUSKER
HR CATEGORY
PEOPLE ORIENTED PRACTICE

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल ने दिनांक 24.08.2024 को कोझिकोड, केरल में आयोजित टस्कर नेशनल अवार्ड्स 2024 में प्रतिष्ठित प्रशंसा हासिल करके एक बार फिर उत्कृष्टता का मानदंड स्थापित किया है। एनटीपीसी विंध्याचल ने पीपुल-ओरिएंटेड प्रैक्टिसेस श्रेणी में गोल्ड अवार्ड जीता है, जो एक सहायक और समावेशी कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मानव संसाधन प्रबंधन के लिए स्टेशन के अभिनव दृष्टिकोण ने न केवल संगठनात्मक सफलता को प्रेरित किया है, बल्कि संपूर्ण मानव संसाधन टीम की लगन और समर्पण को रेखांकित करते हुए नए उद्योग मानक भी स्थापित किए हैं। अपनी प्रतिष्ठा में इजाफा करते हुए, एनटीपीसी विंध्याचल को उत्कृष्ट बालिका सशक्तिकरण पहल श्रेणी में सिल्वर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान संगठन के प्रभावशाली सीएसआर प्रयासों, विशेष रूप से बालिका सशक्तिकरण अभियान को उजागर करता है, जिसने स्टेशन के आस-पास के ग्रामीण बालिकाओं के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल की सामाजिक जिम्मेदारी और सशक्तिकरण के प्रति समर्पण का एक प्रमाण है, जिसमें मानव संसाधन टीम इन पहलों की अवधारणा और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एनटीपीसी-विंध्याचल की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर/आर एंड आर) महताब आलम ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर मिले इन पुरस्कारों पर मानव संसाधन की टीम को बधाई देते हुए कहा कि टीम विंध्याचल की लगन और एकजुटता से परियोजना नित नई ऊंचाइयों को हासिल कर रही है और यह पुरस्कार हमारी स्वर्णिम विद्युत यात्रा मे एक और रत्न जड़ने का काम करेगी । उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूरा विश्वास है कि टीम विंध्याचल भविष्य मे भी इस प्रथा को जारी रखेगी और एनटीपीसी विंध्याचल की ब्रांड इमेज को और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचाएगी ।

प्रशासन ने नहीं की मदद तो ग्रामीणों ने खुद ही बना दिया पुल, बांस-बल्लियों की ली मदद



सीधी

सीधी जिले के रामपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम डिठौरा में आज भी एक ऐसा स्थान है जहां न पुल है और न ही सड़क। जिला मुख्यालय से लगभग 52 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव के लोगों के लिए यहां पहुंचने का एकमात्र रास्ता एक मेढ से होकर गुजरता है, जो न तो पक्का है और न ही सुरक्षित। प्रशासन ने पुल और सड़क निर्माण न किए जाने के कारण गांव के लोगों को लंबे समय से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

जन्माष्टमी के दिन गांव में एक दृश्य देखने को मिला, जिसने सभी को हैरान कर दिया। गांव के लोगों ने अपनी समस्या के समाधान के लिए कई बार तहसीलदार, एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को पत्र लिखा, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अंतत:, ग्रामीणों ने स्वयं बांस और लकड़ी की बल्लियों का सहारा लेकर पुल का निर्माण कर लिया। इस पुल का निर्माण एक वीडियो में देखा जा सकता है, जिसमें लोग खुद को सुरक्षित रखने के लिए बांस की लकड़ियों से पुल बनाते नजर आ रहे हैं।

गांव की 100 से अधिक आबादी

डिठौरा के स्कूल टोला में लगभग 30 से 35 घर हैं, जिनमें करीब 100 से अधिक लोग निवास करते हैं। यहां अभी तक पुल का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने मजबूर होकर इस अस्थायी पुल का निर्माण किया। हालांकि, इस पुल से गुजरना बेहद जोखिम भरा है, और कभी भी यह एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। समाजसेवी पीयूष पांडे ने बताया कि गांव के लोगों के पास कोई सुरक्षित रास्ता नहीं था, जिससे परेशान होकर ग्रामीणों ने बांस और लकड़ियों से पुल बना लिया। अब लोग इसी अस्थायी पुल से होकर सामान और मोटरसाइकिल ले जाते हैं। यहां तक कि छोटे बच्चे भी इसी रास्ते से स्कूल जाते हैं। इस पुल के नीचे गहरी खाई और पानी भरा हुआ है, जिससे यह और भी खतरनाक हो जाता है। अगर यह पुल टूट गया, तो लोग गंभीर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

जल्द ही समस्या का समाधान करेंगे तहसीलदार

इस मामले में तहसीलदार रामपुर नितिन कुमार जैन से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले ही इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर नायब तहसीलदार को स्थल निरीक्षण के लिए भेजा गया है। जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। हालांकि, अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे ग्रामीणों की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

जिले में औसत वर्षा 936.1 मि.मी. दर्ज

सर्वाधिक वर्षा रामपुर नैकिन में

सीधी। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 26 अगस्त को सीधी जिले में 2.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 2.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 1.2 मि.मी., मझौली में 8.0 मि.मी. और कुसमी में 4.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 936.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 26 अगस्त तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 1181.1 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 755.0, गोपद बनास में 1044.2, सिहावल में 851.4, बहरी में 812.2, मझौली में 871.0 और कुसमी में 1038.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 535.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 400.4 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

सीधी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन कर श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण के कर्मवाद सिद्धांत पर वक्ताओं के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के सिंह ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन का हर एक प्रसंग हमें संदेश देता है कि असाधारण परिस्थितियों में भी मनुष्य किस प्रकार कार्य करते हुए आगे बढ़ सकता है। श्री कृष्ण जी के बाल्य काल से द्वारकाधीश तक के सफर को उल्लेखित करते हुए कुछ घटनाओं के माध्यम से प्राप्त होने वाले संदेश का उल्लेख किया। कार्यक्रम में डॉ अश्वनी द्विवेदी, डॉ उमेश विश्वकर्मा, डॉ के एस नेताम, डॉ अनिल सिंह ने श्री कृष्ण के जीवन चरित्र पर अपने विचार प्रकट किए।

सहायक प्राध्यापक डॉ शशि कला पटेल ने सुंदर जन्मगीत प्रस्तुत किया। केशू सिंह, प्रीति रजक, अर्पित गुप्ता,जय प्रकाश सोनी, अतुल तिवारी आदि छात्रों ने भजन गायन के माध्यम से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। विचार संगोष्ठी में डॉ प्रभाकर सिंह, डॉ अरविन्द कुमार त्रिपाठी, डॉ के बी सिंह, डॉ अरुणा ठाकुर, डॉ दिवाकर सिंह, डॉ गुलशेर अहमद, डॉ नागेन्द्र सिंह, डॉ रवीन्द्र नाथ सिंह, डॉ सिद्धार्थ वर्मा, डॉ आर एस भारती, डॉ व्रजेश सिंह, डॉ अनीता द्विवेदी, डॉ राजेश विश्वकर्मा, डॉ सच्चिदानंद तिवारी, डॉ विभा कुशवाहा, डॉ नीता वर्मा, श्री दादूलाल गुप्ता, श्री डी के मिश्रा,शिवेन्द्र सिंह, ऊषा सिंह, मनोज एवं महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं ने उपस्थित होकर विचारों को सुना। विचार संगोष्ठी का आयोजन प्रो विनोद कुमार साकेत विभागाध्यक्ष हिन्दी के संयोजकत्व में आयोजित हुआ। मंच संचालन डॉ रावेन्द्र बहादुर सिंह चौहान के द्वारा किया गया।

सीएमराइज में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव आयोजित

सीधी। सीएमराइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार श्री कृष्णजन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया,सर्वप्रथम माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर आरम्भ किया गया विद्यालय की बच्चियों के द्वारा राधाकृष्ण से संबंधित अनेक डांस प्रस्तुत किये गए,साथ मे गीत की प्रस्तुति हुई, विद्यालयीन प्राचार्य सुभाष चंद पटेल के द्वारा श्री कृष्ण के सम्बंध में जानकारी दी गई, विद्यालयीन शिक्षक वीरेन्द्र कुमार तिवारी,नरेश तिवारी, मनोज द्विवेदी, अजिता द्विवेदी के द्वारा कृष्ण भजन प्रस्तुत किये गए,कार्यक्रम में रामशुशील यादव, राकेश शुक्ला, सरिता सोनी, रामनरायन वैश्य, ज्वाला पटेल, प्रदीप पाण्डेय, सुनील पाठक, एवं समस्त स्टाफ ,विद्यार्थी उपस्थित रहे, संचालन शुभम चतुर्वेदी के द्वारा किया गया।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय मड़वास में कार्यक्रम आयोजित

सीधी। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास जिला सीधी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार भाद्रपद अष्टमी तिथि पर रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था इसीलिए यह दिन श्री कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है।

कार्यक्रम की शुरुआत मा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर भगवान श्री कृष्ण की पूजा प्राचार्य डॉ आई पी प्रजापति के द्वारा की गई। ततपश्चात महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ के द्वारा भजन और बघेली भाषा मे गीत प्रस्तुत किये गए। साथ ही कृष्ण के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर बात की। इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ ज्योति रजक एवं डॉ सौरभी गुप्ता के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया तो वहीं डॉ अमिता खरे के द्वारा कृष्ण - सुदामा की मित्रता पर अपनी बात रखी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आई पी प्रजापति ने श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। अतिथि के रूप में उपस्थित श्री धीरज नामदेव ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ दीपक अग्निहोत्री ने किया। उन्होंने गीता के श्लोकों के माध्यम से समझाते हुए कहा कि गीता में कही गई श्री कृष्ण की बाते आज भी जीवन मे आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ निशा सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ कमलेश जायसवाल डॉ राजेश पटेल श्री प्रवीण साकेत डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा डॉ संगीता मिश्रा डॉ सुरेंद्र गुप्ता श्री सुंदर लाल प्रजापति श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

पीएम जनमन अभियान के आईईसी कैम्पेनिंग के तहत जिले में आठ कैम्प आयोजित किए जाएंगे

सीधी। पीएम जनमन अभियान के जिला नोडल अधिकारी श्री राजेश शाही अपर कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया कि आईईसी कैम्पेनिंग के तहत दिनांक 10.9.2024 तक पीवीटीजी बैगा बसाहटो में सेचुरेशन कैम्प लगाये जाएंगे। कैम्प में आधार, आयुष्मान, जाति प्रमाण पत्र, जन-धन खाता, आधार अपडेशन, के अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के अमला द्वारा सिकल सेल की जांच भी कराई जाएगी।

मंगलवार दिनांक 27.8.24 को सीधी विकास खंड के ग्राम पंचायत डोल कोठार एवं हड़बड़ो में, कुसमी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खरबर व पोड़ी में, मझौली विकासखंड के ग्राम पंचायत पोड़ी व बोदारी टोला में, रामपुर नैकिन विकास खंड के ग्राम पंचायत कुशमहर में तथा सिहावल विकासखंड के बघोर में कैम्प लगाये जाएंगे। इस प्रकार दिनांक 27-8-24 को कुल 8 कैम्प लगेंगे।

कैम्प की सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित विकासखंड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की होगी। कैम्प में आधार आपरेटर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हल्का पटवारी, सचिव/रोजगार सहायक तथा नोडल अधीक्षक उपस्थित रहेंगे। कैम्प के दिन के सेचुरेशन की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में सचिव व रोजगार सहायक नोडल अधीक्षक को उपलब्ध कराएंगे। कैम्प का निरीक्षण उच्च अधिकारियों के अतिरिक्त विकास खंड स्तरीय नोडल अधिकारी तथा सर्व संबंधित विभाग करेंगे।

कुशाभाऊ ठाकरे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से ले प्रेरणा : देव कुमार

सीधी। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा आयोजित भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई पुष्पांजलि सभा।

पुष्पांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिवस पर श्री ठाकरे जी का भी जन्म हुआ था। स्वर्गीय ठाकरे जी का कृतित्व एवं व्यक्तित्व करोड़ों करोड़ कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। हम सभी को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। सहज सरल व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय श्री ठाकरे जी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं के हृदय में हमेशा जीवित रहेंगे। हम सभी पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी स्वर्गीय श्री ठाकरे जी की जन्म जयंती पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, सुरेश सिंह चौहान, संदीप द्विवेदी, मोतीलाल पटेल, जिला महामंत्री विनोद साकेत, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, सह मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह चौहान, अजीत पांडे, राकेश सिंह, रामराज गुप्ता, सूबेदास यादव, पुनीत त्रिपाठी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रोली मेमोरियल नि :शुल्क नेत्र शिविर से 45 मरीज आपरेशन के लिये चित्रकूट भेजे गये

सीधी

रोली मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से दिनांक 26 अगस्त को आयोजित नि:शुल्क नेत्र शिविर मे 108 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण सदगुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आये नेत्र विशेषज्ञो द्वारा किया गया और मोतिया बिन्द तथा अन्य समस्याओं से पीड़ित 45 मरीजों को आपरेशन आदि के लिये नि:शुल्क चित्रकूट भेजा गया। जिन मरीजों का उपचार दवा से होना था उन्हे नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। उल्लेखनीय जन्माष्टमी का महत्वपूर्ण त्योहार होने के बावजूद भारी संख्या मे मरीज आये। इस सेवा मे श्रीराम सिंह कर्चुली, रिन्कू कुशवाहा, श्रीपाली, उत्कर्षआदि का पूरा सहयोग रहा। सभी मरीजो तथा आगंतुकों को सूचित किया गया कि अगले 26 सितम्बर को न केवल नेत्र शिविर रहेगा वरन उस दिन विशाल भंडारा का भी आयोजन किया जावेगा। जिसमे सभी पधारें।

सांसद डॉक्टर मिश्रा ने जन्माष्टमी की दी शुभकामनाएं

सीधी

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर लोकसभा संसदीय क्षेत्र वासीयो को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रभु श्री कृष्णा की जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर जनता जनार्दन के जीवन में खुशहाली और समृद्धि, संपन्नता आए। सभी सुखी और प्रसन्न रहें, यही कामना करता हूं। इस दौरान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सांसद डॉक्टर मिश्रा ने भाग लिया और लोगों को शुभकामनाएं दी।

विद्युत पेंसानर्श की बैठक 28 अगस्त को

सीधी। सीधी एवं सिंगरौली जिले के विद्युत पेंशनर के साथ ही साथ रीवा क्षेत्र के अंतर्गत अन्य जिलों के भी विद्युत पेंशनरों के समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र रीवा के द्वारा दिनांक 28 अगस्त को 3ः30 के लगभग बैठक बुलाई गई है। जिसमें सीधी एवं सिंगरौली जिले के विद्युत पेंशनों की निम्न समस्याओं के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की जाएगी स्वर्गीय आर कटिया कनिष्टि अभियंता एचटीसी एसडीएम संभाग सीधी के मरणोपरांत वेतन वृद्धि की गई कटौती के भुगतान के संबंध में सेवानिवृत्ति विद्युत पेंशनरों के काल्पनिक वेतन वृद्धि संबंधित कार्यालय में स्वीकृत थे पड़े हुए हैं के संबंध में श्रम कल्याण भवन सीधी जिसमें संभागीय कार्यालय संचालित है को खाली करते हुए पूर्व मैं जहां कार्यालय लगता था स्थानांतरित कराकर श्रम कल्याण भवन खाली करने के संबंध में सिंगरौली में श्रम कल्याण भवन के निर्माण हरि नरेश रजक बैढ़न की अनुकंपा नियुक्ति बैजनाथ के बाद विद्युत पेंशनर जिसे 90त्न पेंशन मिल रही है 100त्न पेंशन मिलने के संबंध में श्रम कल्याण भवन सीधी में 50 नग कुर्सी आवंटित करने के संबंध में मोहनलाल केवट पेंशनर को अगस्त 2022 से नवंबर 2022 तक, रामचंद्र कुशवाहा पेंशनर को जून 2020 से अगस्त 2020 तक वेतन भुगतान करने के संबंध में दोनों सीधी संचार में संधारण संभाग में कार्यरत थे राज नारायण सिंह मीटर वाचक सीधी को सन 1996 से अभी तक वेतन वृद्धि भुगतान नहीं हुई है के संबंध में निलेश प्रसाद कुशवाहा एवं समय लाल कुशवाहा विद्युत पेंशनर जो अगस्त 2022 में सेवा निवृत्त हुए थे जीटीआईयस का प्रकरण संभागीय कार्यालय सीधी में लंबित है के संबंध में विद्युत कर्मचारी जो विद्युत दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं उनके लड़कों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं प्राप्त हो सकती है मानवता और इंसानियत के नाते उनके बच्चों को आउटसोर्स कंपनी में नियुक्त देने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी। जैसे कमलेश केवट के पिता स्वर्गीय राजभान केवट एवं सुमित मिश्रा के पिता रामलाल मिश्रा लेकिन बाल्मिक यादव हेल्पर की मृत्यु विद्युत दुर्घटना से हुई थी उसके लड़के हीरालाल यादव को आउटसोर्स में कंपनी द्वारा नहीं लिया जा रहा है के संबंध में चर्चा की जानी है। इसी के साथ जंग बहादुर एवं राजपाल सिंह मीटर वाचक का उच्च वेतनमान प्रकरण मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र के कार्यालय में लंबित है के संबंध में भी चर्चा की जाएगी।



कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी
Website – www.mppwd.gov.in/pwdmp, email – eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 03/2024-25

सीधी, दिनांक 20.08.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर प्रपत्र - 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	टेंडर आई०डी०	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (₹ लाख में)	1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य	1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि
1	2	3	4	5	6
1	2024_PWDRB_364292	लोक निर्माण विभाग संभाग सीधी अंतर्गत मार्गों के मरम्मत (पाट होल्स) कार्य हेतु जोनल टेण्डर। लो०नि०वि०, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	50.00	1. 50000 2. 5000	1. प्रथम आमंत्रण 2. एक वर्ष वर्षाकाल सहित
2	2024_PWDRB_364293	उपसंभाग सीधी अन्तर्गत सिविल कोर्ट कैम्पस सीधी मे फैमली कोर्ट एवं विशेष कोर्ट भवन की छत का विशेष मरम्मत कार्य। लो०नि०वि०, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024	4.13	1. 8260 2. 2000	1. द्वितीय आमंत्रण 2. 03 माह वर्षाकाल सहित
3	2024_PWDRB_364294	उपसंभाग मझौली के अन्तर्गत विश्राम गृह मझौली (पुनाही) का विशेष मरम्मत कार्य। लो०नि०वि०, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024	4.22	1. 8440 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह वर्षाकाल सहित
4	2024_PWDRB_364295	उपसंभाग चुरहट के उपखण्ड चुरहट अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवन एच टाइप एच-8 का विशेष मरम्मत कार्य लो०नि०वि०, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024	4.24	1. 8480 2. 2000	1. द्वितीय आमंत्रण 2. 03 माह वर्षाकाल सहित
		योग :-	62.59		

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 23.08.2024 सुबह 10.30 से 07.09.2024 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा-अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित संशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल वेबसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

(एम.के. परते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि., संभाग सीधी (म.प्र.)

जी-15326/24

संपादकीय

फिजूल का विवाद, बांग्लादेश में बाढ़ के लिए भारत दोषी नहीं

राजनीतिक अस्थिरता से उबरने की कोशिश करते बांग्लादेश में अचानक आई बाढ़ की समस्या ने ऐसे हालात पैदा कर दिए कि भारत के साथ एक अप्रत्याशित और अनावश्यक कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया। बाढ़ का दोष भारत पर मढ़े जाने से यह स्थिति बनी थी, लेकिन अच्छी बात यह रही कि दोनों पक्षों ने धैर्य और समझदारी का परिचय देते हुए मामले को बेकाबू होने से रोक लिया। बांग्लादेश के लिए यह उथलपुथल का समय है। इसी महीने की 5 तारीख को आरक्षणविरोधी आंदोलन के बेकाबू होने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ देना पड़ा। ऐसी अनिश्चितता की स्थिति में अफवाहों और फेक नैरेटिव का जोर हो जाना कोई हैरत की बात नहीं है। यही हुआ जब भारी बारिश के चलते आई बाढ़ में बांग्लादेश के आठ जिले डूब गए। सोशल मीडिया पर यह अफवाह चल गई कि बाढ़ भारत के पानी छोड़ने की वजह से आई है।मामला गंभीर तब हुआ जब मौजूदा अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि यह बाढ़ भारत द्वारा त्रिपुरा में गुमटी नदी का डंबूर डैम बिना पूर्वसूचना के खोल दिए जाने की वजह से आई है। चूंकि यह बयान अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से मीटिंग के बाद दिया गया था, इसलिए इसे हलके में नहीं लिया जा सकता था। भारत ने भी इसे गंभीरता से लिया, लेकिन विदेश मंत्रालय ने औपचारिक बयान में इतना ही कहा कि यह आरोप तथ्य के अनुरूप नहीं है। तथ्य यह है कि सीमा के दोनों तरफ 21 अगस्त से ही भारी बारिश हो रही थी। इस वजह से बाढ़ आई और बाढ़ ने दोनों तरफ नुकसान पहुंचाया। त्रिपुरा में भी बाढ़ से 22 लोगों की मौत और 65 हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होने की खबर है। भारत ने इसे साझा समस्या बताया। इसके साथ ही अनौपचारिक तौर पर यह स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं रखी गई कि ऐसा गैरजिम्मेदार रवैया रिश्ते सुधारने में कोई मदद नहीं करेगा। यह भी कि ऐसे गलत नैरेटिव को आधिकारिक समर्थन तो कतई नहीं दिया जाना चाहिए। दोनों स्तरों पर किए गए इन प्रयासों का ही परिणाम था कि गुरुवार को ढाका में भारत के उच्चायुक्त से मुलाकात के दौरान अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मह यूनुस ने बाढ़ जैसी समस्याओं से निपटने के लिए नया मैकेनिज्म डिवेलप करने का प्रस्ताव रखा जिससे पूरे मामले को अलग मोड़ मिल गया।

समस्या से समस्या जनता देश

‘हिन्दुस्तान’ में उनकी पीड़ा प्रकाशित होने के बाद आला चिकित्सा अधिकारियों की नजर उन पर पड़ी और उन्हें माकूल इलाज मिल सका। यह कहानी अकेले अंसारी दंपति की नहीं है। समूचे देश में, जहां भी डॉक्टर हड़ताल पर थे, यही हाल था। कहीं कोई गर्भवती इलाज के लिए तड़प रही थी, तो कहीं किसी नवजात की प्राण-रक्षा के लिए इमदाद की जरूरत थी, पर ‘हिप्पोक्रेटिक ओथ’ से बंधे डॉक्टर पसीज नहीं रहे थे। क्या उनकी मांग नाजायज थी यकीनन नहीं। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जो हुआ, वह अकल्पनीय, असहनीय और अस्वीकार्य है। उसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि समूचे देश के ज्यादातर डॉक्टर लंबे समय के लिए काम से अपने हाथ खींच लें ।

(शशि शेखर)

रांची के अनिमुद्दीन अंसारी और उनकी पत्नी से मिलिए। ये वे बदनसीब हैं, जो 200 किलोमीटर का दुरूह सफर तय कर यहां राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में इलाज कराने आए थे। उन्हें क्या पता था कि डॉक्टर हड़ताल पर हैं और अगले 10 दिन उनकी जिंदगी एक ऐसे नरक से गुजरेगी, जिसकी उन्हें कल्पना तक न थी। श्रीमती अंसारी के हाथ पर प्लास्टर है और वह तमाम अन्य रोगों की शिकार हैं। उन्हें लगता था कि यहां निःशुल्क और अच्छा इलाज हो जाएगा। हुआ उलटा। हड़ताल की वजह से वे अस्पताल के गलियारे में पड़े रहने को अभिशप्त हो गए। रांची में बसर लायक पैसे उनके पास थे नहीं, पर गरीब की उम्मीद ही उसकी जिंदगी होती है।

‘हिन्दुस्तान’ में उनकी पीड़ा प्रकाशित होने के बाद आला चिकित्सा अधिकारियों की नजर उन पर पड़ी और उन्हें माकूल इलाज मिल सका। यह कहानी अकेले अंसारी दंपति की नहीं है। समूचे देश में, जहां भी डॉक्टर हड़ताल पर थे, यही हाल था। कहीं कोई गर्भवती इलाज के लिए तड़प रही थी, तो कहीं किसी नवजात की प्राण-रक्षा के लिए इमदाद की जरूरत थी, पर ‘हिप्पोक्रेटिक ओथ’ से बंधे डॉक्टर पसीज नहीं रहे थे। क्या उनकी मांग नाजायज थी यकीनन नहीं। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जो हुआ, वह अकल्पनीय, असहनीय और अस्वीकार्य है। उसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि समूचे देश के ज्यादातर डॉक्टर लंबे समय के लिए काम से अपने हाथ खींच लें

इसमें कोई दोराय नहीं कि डॉक्टरों और खासकर महिला चिकित्सकों को खास सुरक्षा की आवश्यकता है। मैं यहां डॉक्टरों के साथ समूचे पैरा-मेडिकलकर्मी दल को जोड़ना चाहूंगा। वे डॉक्टरों से कहीं अधिक संवेदनशील स्थिति में कार्य करते हैं। उन्हीं को मरीजों की तीमारदारी करनी होती है। वे ही प्रारंभिक चिकित्सा करते हैं और उन्हीं पर डॉक्टर के निर्देश के पालन की जिम्मेदारी होती है। यही वजह है कि वे मरीजों और उनके परिजनों के गम या गुस्से का पहला शिकार बनते हैं। डॉक्टरों की बात करते समय हमें अस्पतालों की संपत्ति और वहां काम करने वाले सभी लोगों की सलामती की चर्चा करनी ही होगी, लेकिन हम संपूर्ण विमर्श के अभ्यस्त कहां

यही वजह है कि डॉक्टरों की इस लंबी हड़ताल ने एक और जरूरी मुद्दे को मुकाम तक पहुंचने से रोक दिया। यह मुद्दा है, महिला सुरक्षा का। आपको याद होगा। वर्ष 2012 में जब ‘निर्भया’ के साथ दिल्ली में दरिंदगी हुई थी, तब पूरा देश अपनी उस बेटी के पक्ष में उठ खड़ा हुआ था। उस समय जो कठोर कानून बनाए गए, उससे ये आशंकाएं भी पैदा हुई थीं कि उनका दुरुपयोग किया जा सकता है। मुझे याद है कि एक सांसद ने राज्यसभा में बहस के दौरान कहा था कि मान्यवर, इसका दुरुपयोग हम सभी के खिलाफ किया जा सकता है, मगर उन जैसों की बातों पर कान नहीं दिया गया। संसद जन-भावनाओं का आईना होती है। उस उबलते वक्त में ऐसा कानून तो पास होना ही था।

इस कानून के कारण क्या बलात्कार रुक गए

आरजी कर अस्पताल की घटना गवाह है कि बलात्कार, हत्या और ऐसे अन्य जघन्य अपराध कानूनों से नहीं, सिर्फ सामाजिक चेतना के जरिये रोके जा सकते हैं। समय आ गया है, जब हम प्राथमिक कक्षाओं से ही समाज में सही तरीके से रहने के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण शुरू करें। निर्भया की घटना के बाद से एक सकारात्मक परिवर्तन शायद आपने भी महसूस किया हो। अब पढ़ी-लिखी माएं अपनी बेटियों को बचपन से ही ‘गुड टच’ और ‘बैड टच’ का फर्क बताती हैं। इसका लाभ भी हुआ है। छोटे बच्चों ने उन तमाम दुराचारियों को, जो रिश्तों की खाल ओढ़कर उनका शोषण कर रहे थे, बेपर्दा किया है। अब इस सिलसिले को मुकाम तक पहुंचाने की जरूरत है।

जो लोग पुरुष प्रधान समाज का रोना रोते रहते हैं, उन्हें भी यह मालूम होना चाहिए कि समाज में पुरुष और महिला, दोनों बराबर के भागीदार हैं। बलात्कार होने के बाद कई बार घर की महिलाओं की भूमिका भी कानून के पक्ष में नहीं पाई गई है। अगर हमें शुरू से इसकी शिक्षा मिलेगी, तो प्रतिरोध की संपूर्ण शुरुआत परिवार से ही हो सकेगी। पर्याप्त सामाजिक जागरूकता के बाद ही राजनीति के उन ठेकेदारों की भी खबर ली जा सकेगी, जो हर विभीषिका को अपने स्वार्थ के लिए इस्तेमाल के लती हो चुके हैं। याद करें, जो आज कोलकाता में हो रहा है, वही कल हाथरस में हुआ था। हाथरस से पहले बदायूं में हमने ऐसा ही गुस्सा देखा था। यह किसी एक दल अथवा नेता की हुकूमत का मामला नहीं है। यह भारत की बच्चियों से जुड़ा मुद्दा है और इस पर सियासत नहीं, संजीदगी की जरूरत है।

उनके इतने हो-हल्ले और कोलकाता की रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना के बाद देहरादून, पुणे और मुजफ्फरपुर सहित देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चियों के साथ दुराचार के तमाम मामले सामने आए। मसलन, 11 अगस्त को बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक दलित किशोरी को रात्रि में गुंडे उठा ले गए। बाद में उसका शव बुरी हालत में पाया गया। पुलिस का कहना है कि यह निजी प्रेम प्रसंग का मामला है। प्रेम प्रतिशोधी हो जाए, तब भी ऐसी हिंसा को कैसे कमतर ठहराया जा सकता है इसी तरह, 12 अगस्त को देहरादून के अंतरराज्यीय बस अड्डे पर पांच लोगों ने एक किशोरी की अस्मत लूट ली। ये सभी उत्तराखंड राज्य सड़क परिवहन निगम के कर्मचारी हैं। यह कांड सरकारी बस में हुआ। सरकारी स्थान पर हुआ और जहां हुआ, वहां 30 से अधिक कैमरे स्थापित हैं। निजी गार्ड की व्यवस्था है। इसके बावजूद भेड़ियों का झुंड अपनी मनमर्जी कर गया। कैसे

हम ऐसी घटनाओं से बजबजा ही रहे थे कि अगले दिन यानी 13 अगस्त को महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक नया मामला सामने आ गया। वहां एक नामचीन स्कूल में चार और छह साल की दो अबोध बच्चियों का एक सफाईकर्मी ने यौन उत्पीड़न किया। इनमें से एक बच्ची ने स्कूल जाने से मना किया और जब उसकी मां ने पूछा, तो तीन दिन बाद इस सानिहे की जानकारी हो सकी। बदलापुर में तो लोग इससे आक्रोश में आ गए और उन्होंने ट्रेन का चक्का जाम कर दिया। घंटों तक न कोई ट्रेन आई और न ही गई। दुर्व्यवहार की शिकार उन बच्चियों को इंसाफ अपनी गति से ही मिलेगा, लेकिन हजारों ट्रेन यात्री इस प्रदर्शन से सांसत में पड़ गए। हमारा देश एक संकट से दूसरा संकट जनने का अभ्यस्त हो चुका है। यकीन न हो, तो 21 अगस्त की घटनाओं पर नजर डाल देखें, एक तरफ अस्पतालों में मरीज बिना इलाज तड़प रहे थे, तो दूसरी तरफ आरक्षण के समर्थक ट्रेनें रोक रहे थे, बसों में आग लगा रहे थे और सड़कें जाम कर रहे थे। इससे परेशान कौन हुआ सरकार या आम आदमी हमें इस फर्क को समझना ही होगा।

जांच से पहले राज्य की अनुमति लेना जरूरी

हमें बार-बार माता-पिता व परिवारों से ऐसे अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं कि राज्यों में मामलों की पर्याप्त रूप से जांच नहीं होती है। मैं किसी विशेष मामले का उल्लेख नहीं कर रही हूं। वास्तव में, यह कहती रही हूं कि मेरा विभाग आमतौर पर महिलाओं के अधिकारों के आयोग के रूप में कार्य करता है, क्योंकि इसे ऐसी अनेक शिकायतें मिलती रहती हैं कि यद्यपि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होती है, पर कोई व्यक्ति हस्तक्षेप करता है अथवा मरते वक्त की गई घोषणा को गलत लिखा जाता है या जांच प्रक्रिया में ही हस्तक्षेप करने के लिए कुछ किया जाता है। इस स्तर पर हम यही कर सकते हैं कि मामलों को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दें और उसे जांच करने लिए कहें। इसके फलस्वरूप केंद्रीय जांच ब्यूरो राज्य सरकार के सम्मुख यह मामला रखता है।

(मारग्रेट अल्वा, केंद्रीय महिला व बाल विकास राज्यमंत्री)

यह एक वास्तविकता है, समय-समय पर राज्य सरकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से यह सिद्ध होता है कि महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं, चाहे वह बलात्कार, अपहरण, छेड़खानी अथवा दहेज के कारण मृत्यु हो, बढ़ती जा रही हैं। संसद द्वारा कई कानूनों को पारित किए जाने, राज्य सरकारों को बार-बार निर्देश दिए जाने और महिलाओं की स्थिति में सुधार का प्रयास करने के लिए महिलाओं और महिला संगठनों की सामान्य जागरूकता के बावजूद यह स्थिति है।

...यद्यपि हमारे यहां इस बारे में कानून हैं और हमारे इरादे नेक हैं, परंतु इसका क्रियान्वयन तंत्र राज्य सरकारों के पास है और हमें वर्तमान नियमों के अनुसार ही कार्य करना है। हमें उनकी बात को ध्यान में रखना है और हमें उनके द्वारा दी गई सूचना के अनुसार कार्य करना है। ...मेघालय से माननीय सदस्य द्वारा अभी-अभी व्यक्त रवैये के मुताबिक, यहां महिलाओं को पुरुषों की सलाह पर ही काम करना चाहिए और यदि यह बात निर्वाचित प्रतिनिधियों की सोच की द्योतक है और जो स्वयं ऐसे राज्य से हैं, जिसे महिलाओं के संबंध में अत्यंत विकासशील रीति-रिवाज वाला राज्य माना जाता है, तो मैं सोच सकती हूं कि अन्य राज्यों में क्या स्थिति होगी। ...हमने ऐसी विचारधारा के साथ जीना सीख लिया है और संभवतः इन बातों को समझना भी शुरू कर दिया है। ...

हमें बार-बार माता-पिता व परिवारों से ऐसे अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं कि राज्यों में मामलों की पर्याप्त रूप से जांच नहीं होती है। मैं किसी विशेष मामले का उल्लेख नहीं कर रही हूं। वास्तव में, यह कहती रही हूं कि मेरा विभाग आमतौर पर महिलाओं के अधिकारों के आयोग के रूप में कार्य करता है, क्योंकि इसे ऐसी अनेक शिकायतें मिलती रहती हैं कि यद्यपि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होती है, पर कोई व्यक्ति हस्तक्षेप करता है अथवा मरते वक्त की गई घोषणा को गलत लिखा जाता है या जांच प्रक्रिया में ही हस्तक्षेप करने के लिए कुछ किया जाता है। इस स्तर पर हम यही कर सकते हैं कि मामलों को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दें और उसे जांच करने लिए कहें। इसके फलस्वरूप केंद्रीय जांच ब्यूरो राज्य सरकार के सम्मुख यह मामला रखता है। यदि जैसा आमतौर पर होता है, राज्य सरकार आपत्ति नहीं करती, तो ब्यूरो स्वतंत्र रूप से जांच करता है तथा कम से कम माता-पिता अथवा परिवारों को यह संतुष्टि होती है कि जांच स्वतंत्र हुई है। हालांकि, प्रत्येक मामले में यह नियम लागू करना बहुत मुश्किल है, क्योंकि विभिन्न श्रेणियों अर्थात बलात्कार, दहेज के मामले में हुई मृत्यु आदि के हजारों मामले आ रहे हैं।

बहुत लंबे समय से मांग की जा रही है कि महिलाओं के अधिकारों के लिए आयोग होना चाहिए या एक ऐसी स्वतंत्र एजेंसी होनी चाहिए, जो ऐसी परिस्थितियों में जहां आम धारणा यह हो कि जांच नहीं हुई है, जांच करा सके, किंतु अब स्थिति यह है कि केंद्र के पास सीधे जांच का आदेश देने का अधिकार नहीं है। इसका निर्णय करना संसद और सरकार पर निर्भर करता है। ...हम निश्चित रूप से यह देखेंगे कि जब कभी ऐसे मामले उठें, तो इन मामलों की जांच ढंग से की जाए। ...

हमारे एक सांसद ने ठीक ही कहा था कि सबसे पहले जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा उदाहरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कितने सांसद अपने सच्चे मन से यह कह सकते हैं कि उन्होंने कभी दहेज नहीं लिया और न कभी लेंगे ...हमारा यह कहना है कि महिलाओं की ओर से भी सकारात्मक हस्तक्षेप किए जाने की आवश्यकता है। महिलाओं को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के गंभीर कार्यक्रम आवश्यक हैं। ...सवाल पूछना चाहिए कि कितने लोग उस परिवार का बहिष्कार करने के लिए तैयार हैं, जहां बहू को सताया जाता है या उसके अधिकार नहीं दिए जाते हैं (लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से)

वर्ग पहेली 5473

1	2	■	3	4	■	5	6
7		■	8		9		
	■	10	■	11			■
12	13	■	14			■	15
16		17	■	18		■	
■	19		20	■	21		
22		■		■		■	
	■	23		■	24		■

संकेतः बाएं से दाएं

1. 1970 को इस देश ने स्वतंत्रता हासिल की (2)
3. 1954 को बॉलीवुड की इस अभिनेत्री ने जन्म लिया, इस अभिनेत्री की पहली फिल्म सावन भादों (1970) थी (2)
5. शिकन, ताकत, मरोड़, शक्ति (2)
7. आजीविका, जीवन यापन साधन (2)
8. पुराणानुसार उज्जयिनी के राजा चंद्रसेन की पुत्री जो चंद्रवंशी सहस्त्रानी के पुत्र उदयन को ब्याही थी (5)
10. एक अन्न जिससे मदिरा का निर्माण भी होता है (1)
11. अपमान, अनादर (उर्दू)(3)
12. एक कर्ण आभूषण, गेंहू, जौ कीफसल में लगने वाला कीड़ा (2)
14. माता सरस्वती का एक नाम (3)
16. रगड़ या पीसकर टुकड़े-टुकड़े करना (3)
18. तौलने की एक प्राचीन ईकाई (2)
19. किन्हें की स्थिति को यह भी कहा जाता है (3)
21. यूनानी चिकित्सा करने वाला (3)
22. शब्द ब्रह्म, नादरूपिणी वाणी (2)
24. सरिता, तटिनी, निर्झरणी (2)

ऊपर से नीचे

1. उत्तरप्रदेश का यह स्थान चूड़ी बनाने के कारखाने के लिए प्रसिद्ध है (5)
2. बड़ी बहन के लिए संबोधन, दीदी (2)
3. नर्मदा नदी का एक नाम यह भी है (2)
4. विशिष्टत, खासकर (3)
5. देह, काया, तन, शरीर (3)
6. चीथड़ा, धज्जी (2)
9. इस अभिनेत्री की पहली फिल्म सीआईडी थी इनका जन्म 3 फरवरी 1938 को हुआ था (7)
13. दिल्ली की इस इमारत को पांचवे मुगलशासक शाहजहां ने बनवाया था (4)
15. हथेली में चुल्लु में पानी लेकर मंत्रपूर्वक पीना (4)
17. मोटी खमीरी रोटी (4)
20. तुषार पात, कुहरा (3)
22. पुराणानुसार मद्र देश की राजकुमारी को पांडुराज की पत्नी थी (2)

वर्ग पहेली 5472 का हल

अ	म	ज	द	अ	ली	खां	■
क्ष	ति	■	स्तू	■	प	सी	ना
य	■	प	र	ना	ना	■	■
वृ	ती	या	■	लि	■	■	त
ती	■	म	हे	श	भू	प	ति
या	म	■	त्मे	■	त	ल	त
■	त	ला	ट	■	ना	क	■
बे	ना	म	■	पं	थ	■	■

विकसित भारत के संकल्प को पूरा होने से रोकने के लिए रची गयी है एक बड़ी साजिश

(नीरज कुमार दुबे)

सिर्फ मोबाइल पर ही अश्लील कंटेंट परोसा जा रहा है, आप तमाम प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध वेब सीरिजों को देख लीजिये। अधिकतर में द्विअर्थी संवाद और अश्लील दृश्य भरे पड़े हैं। यही नहीं, हिंदी सिनेमा की भी कुछेक ही फिल्में ऐसी आती हैं जिन्हें परिवार के साथ देखा जा सकता है।

भारत जब विकसित देश बनने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है तो उसकी राह में बाधाएं पैदा करने के लिए तमाम तरह की साजिशें की जा रही हैं। इनमें से एक साजिश है देश के युवाओं को नशे और अश्लीलता के दुष्चक्र में फंसाने की और यह साजिश काफी हद तक सफल होती भी दिख रही है। कॉलेजों के आसपास आसानी से मादक पदार्थ मिल जाते हैं, रेव पार्टियों का चलन देश में बढ़ चुका है, मोबाइल पर अश्लील कंटेंट आसानी से उपलब्ध है। इस सबसे युवाओं के दिलो-दिमाग पर बड़ा असर पड़ रहा है और वह अपनी असल जिम्मेदारियों से विमुख होकर भ्रमित हो रहे हैं। विकसित भारत के लिए आज जो आधार तैयार किया जा रहा है उस पर इमारत युवाओं को ही आगे चलकर खड़ी करनी है इसलिए सरकार को चाहिए कि वह युवाओं के जीवन और देश के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

वैसे, ऐसा नहीं है कि सिर्फ मोबाइल पर ही अश्लील कंटेंट परोसा जा रहा है, आप तमाम प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध वेब सीरीजों को देख लीजिये। अधिकतर में द्विअर्थी संवाद और अश्लील दृश्य भरे पड़े हैं। यही नहीं, हिंदी सिनेमा की भी कुछेक ही फिल्में ऐसी आती हैं जिन्हें परिवार के साथ देखा जा सकता है। हर जगह पसरी इस अश्लीलता का बाल मन पर बड़ा असर पड़ रहा है। इसके चलते बाल्यकाल में ही छात्र गालियां सीख जा रहे हैं साथ ही अश्लील कंटेंट उन्हें गलत कदम उठाने के लिए प्रेरित करता है जिसके चलते किशोरवय उम्र में ही शारीरिक संबंध बनाने या दुष्कर्म करने की खबरें आम हो रही हैं। खास बात यह है कि इस सब पर माता-पिता भी ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं क्योंकि वह खुद मोबाइल में व्यस्त हैं।

बहरहाल, इन सब स्थितियों से निकलने के लिए किसी से ज्ञान प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। समय आ गया है जब हम आत्मचिंतन करें और देखें कि हमारा परिवार, हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है समय आ गया है कि हम चिंतन करें कि देश ने 2047 तक विकसित भारत बनने का जो लक्ष्य रखा है उसमें हमारा क्या योगदान हो सकता है निश्चित ही आत्ममंथन से निकलने वाला अमृत देश के लिए और हमारे अपने लिये भी हितकारी होगा।

आज का राशिफल

मेष

आज दिन शुभ है और आपके लिए सफलता के योग बने हैं। आपके अच्छे काम से आपके परिवार का नाम रोशन होगा। आपके हर फैसले में आपको लाभ होगा। आपकी रुचि पूजापाठ में बढ़ेगी। धन सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे।

वृषभ

आज भाग्य साथ देगा और आपको सम्मान के साथ आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें तो आपको आशीर्वाद मिलेगा। नौकर-चाकर और आपके लिए सुख भोग के साधनों में तरक्की होगी।

मिथुन

आज दिन अनुकूल नहीं है और आपको आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कोई निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा और हानि हो सकती है और परेशानियां बढ़ सकती हैं। अगर आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से अधिकारों में वृद्धि होगी और आपकी किस्मत साथ देगी।

कर्क

आज करियर के मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। आपकी प्रोन्नति यदि रुकी हुई है तो आज उसके रास्ते खुलेंगे। आप अपनी वाक्पटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे। नेत्र विकारों से जुड़ी परेशानी में कमी आएगी।

सिंह

आज दिन कारोबार में सफलता से भरा होगा। व्यापार में कुछ बदलाव करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। आप नौकरीपेशा हैं तो आपके अधिकार बढ़ेंगे और आपको आर्थिक लाभ के साथ ही सम्मान भी प्राप्त होगा।

कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके अधिकारों में वृद्धि होगी और साथ ही आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। आप अपनी शानशौकत के लिए धन का व्यय कर सकते हैं। मन से दूसरों की भलाई करेंगे। आपको सम्मान की प्राप्ति होगी।

तुला

आज दिन लाभ और सम्मान दिलाने वाला साबित होगा। किसी मामले में नुकसान होने की आशंका है। अचानक से कहीं से धन की प्राप्ति हो सकती है। जोखिम के काम से दूर रहें। आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है। किसी कारण से आपका दिल दुख सकता है।

वृश्चिक

आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। संतान के प्रति प्रेम भावना बढ़ेगी। संतान की तरक्की से आप खुश होंगे। रुके कार्य की पूर्ति होगी।

धनु

आज दिन लाभ और सम्मान दिलाने वाला रहेगा। बुद्धि विवेक और ज्ञान में वृद्धि होगी। रुके हुए धन की प्राप्ति होने से रुके कार्य पूर्ण हो सकते हैं। आपकी संतान को अकस्मात कष्ट हो सकता है। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास कर सकते हैं।

मकर

आज दिन शुभ है और आपको कारोबार में मनचाहा मुनाफा प्राप्त होने से आपका मन खुश होगा। ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी करने पड़ सकते हैं। आपकी उन्नति रुकी है तो आज हो सकती है। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा।

कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा और सभी कार्य पूर्ण होंगे। पैसों के मामले में हानि हो सकती है। शेयर मार्केट में निवेश न करें वरना नुकसान हो सकता है। भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नए कार्यों में विनिमय करना पड़े तो करें आपको लाभ होगा। संतान की नौकरी एवं विवाहइत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

मीन

आज लाभ होगा। आप यदि कहीं से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपको धन लाभ होगा और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी।

संक्षिप्त समाचार

बसपा के पूर्व विधायक असलम चौधरी गिरफ्तार, दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप

गाजियाबाद, एजेंसी। उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने बसपा के पूर्व विधायक असलम चौधरी को रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।उन पर दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप है। असलम ने 7 सितंबर 2022 को अपने साथियों के साथ फर्जी एग्रीमेंट के जरिए करोड़ों की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी।उन्होंने जमीन के मालिक आदिल रजा से कब्जे को छोड़ने के बदले दो करोड़ की रंगदारी मांगी थी। उनके खिलाफ 2022 से एमपी-एमएलए कोर्ट में केस चल रहा था। प?िछले साल तीन सितंबर को पुलिस कमिश्नर ने मामले का संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके आधार पर पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। पूर्व विधायक असलम चौधरी, उनके साथी जुनैद टाटा और जुबेर टाटा के खिलाफ अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। असलम चौधरी ने 12 बीघे जमीन का फर्जी एग्रीमेंट बनाकर वाद दाखिल किया था।7 जुलाई 2022 को असलम चौधरी अपने बेटे शाहनवाज और तीन साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। इसकी सूचना मिलने पर जमीन के मालिक आदिल राजा ने विरोध किया। असलम चौधरी और उनके बेटे शाहनवाज पर आरोप है कि उन्होंने आदिल राजा और उनके परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी, साथ ही दो करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग भी की।पुलिस के मौके से पहुंचने से पहले असलम चौधरी अपने साथियों के साथ फरार हो गए। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया था।इसके बाद पुलिस आयुक्त में मामले में हस्तक्षेप करते हुए असलम चौधरी और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

त्रिपुरा : बाढ़ की स्थिति में सुधार, 525 राहत शिविरों में अब भी 1.17 लाख लोग

अगरतला, एजेंसी। त्रिपुरा में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और कई स्थानों पर पानी उतरने लगा। हालांकि 1.17 लाख लोग अब भी विभिन्न जिलों में 525 राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। पिछले तीन दशक में पहली बार राज्य में आई विनाशकारी बाढ़ ने अब तक 31 लोगों की जान ले ली है। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गत 19 अगस्त से अब तक आठ जिलों में से छह - दक्षिण त्रिपुरा, गोमती, पश्चिम त्रिपुरा, सिपाहीजाला, उनाकोटी और खोवाई - में भूस्खलन और बाढ़ के पानी में डूबने से कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने रविवार को बताया कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण हुए नुकसान का शुरुआती आकलन करीब 15 हजार करोड़ रुपये है, जो क्षेत्र के आकलन के बाद और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआती अनुमानों के अनुसार, राज्य भर में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के कारण करीब 20,300 घर आंशिक और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फसल भूमि और बस्तियों सहित विशाल क्षेत्र अब भी जलमग्न हैं। राज्य में 19 अगस्त से लगातार तेज बारिश और विनाशकारी बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। इसमें करीब 17 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। राज्य में 2,066 जगहों पर भूस्खलन हुआ है और त्रिपुरा की लाइफ लाइन माने जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-8 समेत कई महत्वपूर्ण राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि अब ज्यादातर राजमार्ग धीरे-धीरे चालू हो रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल, राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की पांच टीमें और नागरिक सुरक्षा तथा आपदा मित्र के 500 स्वयंसेवक राहत एवं बचाव अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक गोमती और दक्षिण त्रिपुरा जिलों में 27 हजार खाद्य पैकेट वितरित किए जा चुके हैं।

जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने जारी की पहली लिस्ट, 7 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। सात सीटों पर कैंडिडेट का ऐलान किया गया है। पुलवामा से फयाज अहमद सोफी और राजपुरा से मुद्दासिर हासन आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। आर्टिकल 370 हटने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। मतदान तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को होना है। वहीं, 4 अक्तूबर को मतगणना की जाएगी। चुनाव की तैयारियों को लेकर तमाम दलों ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। उसने सात सीटों पर कैंडिडेट्स का ऐलान किया। आम आदमी पार्टी की पहली लिस्ट पुलवामा विधानसभा सीट से फयाज अहमद सोफी, राजपुरा से मुद्दासिर हासन, देवसार शेख फिदा हुसैन, डोरु से मोहसिन शफाकत मीर, डोडा से मेहराज दिन मलिक, डोडा वेस्ट से यासिर शाफी मट्टो और बनिहाल से मुद्दासिर अजमत मीर को प्रत्याशी बनाया गया है। नए चेहरों पर ज्यादा भरोसा करेगी।

छत्तीसगढ़ सरकार ने महादेव सट्टेबाजी ऐप केस की जांच सीबीआई को सौंपी, भूपेश बघेल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

नई दिल्ली, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले की जांच अब सीबीआई को सौंप दी है। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय जांच एजेंसी छत्तीसगढ़ पुलिस की 4 मार्च की एफआईआर के आधार पर जल्द ही मामला दर्ज करेगी। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा इस मामले में महादेव ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के साथ भूपेश बघेल को भी आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा, महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप मामले के संबंध में पिछले एक साल में राज्य के अलग-अलग थानों में दर्ज करीब 70 अन्य एफआईआर भी सीबीआई को सौंपी जाएंगी।

राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, शुक्रवार को एफआईआर और प्रारंभिक मामले के दस्तावेजों के साथ सीबीआई जांच के लिए मंजूरी वाला पत्र सौंप दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि संघीय एजेंसी बड़ी साजिश का पता लगाने, उन लोगों की भूमिका की बेहतर ढंग से जांच करने में माहिर है जिनके नाम राज्य पुलिस की जांच में नहीं बताए गए थे क्योंकि कई पुलिस अधिकारी भी कथित तौर पर इसमें शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा, सीबीआई यूएई से (आरोपी) सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल का प्रत्यर्पण करवाने में भी बेहतर स्थिति में है। सीबीआई ने राज्य एजेंसियों से जांच अपने हाथ में लेते हुए अपना खुद का नियमित केस (आरसी) फिर से दर्ज किया है - जो सीबीआई के लिए एफआईआर के बराबर है। इसका मतलब यह है कि सीबीआई के केस में भी भूपेश बघेल का नाम आरोपी के तौर पर दर्ज किए जाने की संभावना है। गौरतलब है कि, एचटी ने 17 मार्च को एक्सक्लूसिव रिपोर्ट में बताया था कि छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने महादेव ऐप मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी के आरोपों के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भूपेश बघेल को आरोपी बनाया है। ईओडब्ल्यू ने जुलाई में अपना आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि महादेव ऐप सेवा अभी भी चालू है, लेकिन महादेव ऐप के प्रमोटरों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी से संबंधित अपनी आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई रोकने के लिए विभिन्न पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ प्रभावशाली राजनीतिक हस्तियों से संरक्षण प्राप्त किया है। एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि सीबीआई राज्य पुलिस की चार्जशीट का भी विश्लेषण करेगी। 4 मार्च को बघेल के खिलाफ मामला तब दर्ज किया गया था जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ पुलिस को इस साल 8 और 30 जनवरी को अपने निष्कर्षों के आधार पर दो रेफरेंस भेजे थे, जिसमें राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता की ओर इशारा किया गया था, जो प्रोटेक्शन मनी के बदले महादेव ऐप की अवैध गतिविधियों की अनुमति दे रहे थे।

ईडी ने पिछले साल नवंबर में आरोप लगाया था कि चंद्राकर और उप्पल ने पूर्व मुख्यमंत्री को 508 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। दोनों आरोपी वर्तमान में यूएई में हिरासत में हैं और विदेश मंत्रालय (एमईए) के माध्यम से उनके प्रत्यर्पण के अनुरोध पहले ही भेजे जा चुके हैं।

एफआईआर में कहा गया है, महादेव बुक ऐप के प्रमोटरों ने पुलिस को उनकी अवैध गतिविधियों पर कोई कार्रवाई करने से रोकने के लिए विभिन्न पुलिस अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों को भारी मात्रा में प्रोटेक्शन मनी दी। यह पैसा हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचता था और फिर अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों तक पहुंचता था। इस तरह, कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करके प्रोटेक्शन मनी के रूप में खुद को लाभ पहुंचाया और अवैध संपत्ति बनाई। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री की टिप्पणी के लिए एचटी ने बघेल के राजनीतिक सहयोगी से संपर्क किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

ईडी ने इस मामले में दो आरोपपत्र दाखिल किए : ईडी ने इस मामले में अभी तक दो आरोपपत्र दाखिल किए हैं, जिनमें से एक चंद्राकर और उप्पल के खिलाफ है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि चंद्राकर ने फरवरी 2023 में यूएई के रास अल खैमाह में शादी की थी और इस आयोजन के लिए करीब 200 करोड़ रुपये नकद खर्च किए गए थे और अपने रिश्तेदारों को भारत से यूएई लाने के लिए निजी जेट किराये पर लिए गए थे और शादी में परफॉर्म करने के लिए मशहूर हस्तियों को पैसे दिए गए थे। ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध की अनुमानित आय करीब 6,000 करोड़ रुपये है, जिसने अब तक मामले में 572.41 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है।

इजरायल को लेकर एनडीए में फूट, जेडीयू ने विपक्ष के साथ मिलाया सुर

नईदिल्ली, एजेंसी। इजरायल को लेकर अब मोदी सरकार की साथी जेडीयू विपक्ष के साथ सुर मिलाने लगी है। जेडीयू के एक सीनियर पदाधिकारी ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी का समर्थन करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार को इजरायल की मदद तत्काल बंद कर देनी चाहिए। उनका कहना है कि भारत सरकार मासूम फिलिस्तीनियों की जान लेने वाले इजरायल को हथियारों की सप्लाई कर रहा है जिसपर तुरंत रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनियों के नरसंहार में भारत इजरायल का साथ नहीं दे सकता। नई दिल्ली में अल गुद्स के महासचिव मोहम्मद मकराम बलावी ने एक बैठक का आयोजन किया था। इसमें जेडीयू के महासचिव केसी त्यागी और समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद जावेद अली खान भी शामिल हुए थे। त्यागी और खान के अलावा समाजवादी पार्टी के लोकसभा सांसद मोहिबुल्लह नदवी और पूर्व सांसद मोहम्मद अदीब, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, पंकज पुष्कर, कांग्रेस प्रवक्ता मीम अफजल और पूर्व लोकसभा सांसद कुंवर दानिश अली ने भी बयान पर साइन किए। बयान में कहा गया, हम इजरायल द्वारा फिलिस्तीनियों पर हो रहे अत्याचार और नरसंहार की निंदा करते हैं। इस तरह का अत्याचार मानवता के खिलाफ है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का भी उल्लंघन करता है। ऐसे में केंद्र सरकार से निवेदन है कि वह इजरायल को मिलने वाली हथियारों की सप्लाई पर रोक लगा दे। एक राष्ट्र के रूप में हम हमेशा ही मानवता की वकालत करते हैं और इस तरह से नरसंहार में शामिल नहीं हो सकते। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि हम उन देशों में शामिल थे जिसने अरब देशों के अलावा सबसे पहले 1988 में फिलिस्तीन को मान्यता दी थी। ऐसे में फिलिस्तीनियों के आत्मसम्मान, संप्रभुता और स्वतंत्रता की रक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है। इस कठिन समय में हम फिलिसतीनियों के साथ खड़े हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम शांति का मार्ग तलाशें। बता दें कि अक्टूबर में हमास ने इजरायल पर हमला करके करीब 1200 लोगों को मार डाला था। उसके बाद से ही इजरायल गाजा में तबाही मचा रहा है।

जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे पर हादसा, ड्राइवर और खलासी जिंदा जले

अजमेर, एजेंसी। राजस्थान के अजमेर नेशनल हाईवे-48 पर बगरू में अल सुबह अचानक दो वाहनों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जहां एक ट्रेलर की केबिन में फंसे चालक और खलासी आग लगने से मौत हो गई। अचानक ट्रेलर में आग लगने की वजह से दोनों जिंदा जल गए। सूचना पर बगरू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकलों को बुलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं घटना के बाद नेशनल हाईवे 48 दहमी खुर्द पर लंबा जाम लग गया। बगरू थानाधिकारी हरिशचंद्र सोलंकी मौके पर पहुंचे है। पीछे से आ रहा दूध से भरा टैंकर भी अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया।

सोमवार अल सुबह नेशनल हाईवे 48 पर हुए हादसे में लोगों ने बताया कि अचानक तेज धमाके के साथ दोनों वाहन आपस में भिड़ गए। जहां अचानक एक ट्रेलर में आग लग गई देखते ही देखते ट्रेलर धू धू कर जलने लगा। हादसे के बाद स्थानीय लोग वहां में लोगों को बचाने गए लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रेलर में बैठे चालक और खलासी के दर्दनाक मौत हो गई। जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे-48 पर बगरू में अल सुबह अचानक दो वाहनों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

महिलाओं के प्रति अपराध के पीछे की मंशा जमीन हड़पना है: हिमंत बिस्वा सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध की हालिया घटनाएं जमीन हड़पने और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालने के बड़े इरादे से की जा रही हैं। उन्होंने अपराधों के पीछे राजनीतिक संरक्षण होने की बात कही और साथ ही यह भी दावा किया कि वित्तीय ताकत असमिया लोगों के हाथों से निकलती जा रही है।

सरमा ने शनिवार देर शाम एक प्रेस वार्ता में कहा, कोई भी समाज पूर्ण नहीं होता। महिलाओं के खिलाफ अपराध एक हकीकत है। पिछले तीन साल में प्रदेश में ये अपराध कम हुए हैं। लेकिन हाल की घटनाओं के पीछे का असली इरादा बहुत बड़ा है, बलात्कार जैसे अपराधों के जरिए हमारी धरती और हमारी सभ्यता को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों के खिलाफ 1979 से छह साल तक चले आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा, असम में यह घटनाक्रम पिछले 30-35 साल से चल रहा है। इसीलिए असम आंदोलन हुआ। हमने अभी कट्टरपंथियों की पहचान की है, लेकिन 1975 में ही असमिया समाज को आगाह किया गया था कि ऐसा होगा। उन्होंने यह दावा करते हुए कहा कि इस तरह के अपराधों के जरिए जमीन हड़पने की बड़ी साजिश रची जा रही है।

सरमा ने कहा, ढिंग में पीड़ित परिवार ने मुझसे कहा कि वे अब वहां नहीं रहना चाहते... लोग अपनी संपत्ति बेच देते हैं और अन्य स्थानों पर चले जाते हैं। पांच लाख रुपये की जमीन के लिए उन्हें 50 लाख रुपये की पेशकश की जाती है। गुरुवार शाम नगांव के ढिंग इलाके में तीन लोगों ने 14 साल की एक लड़की से कथित तौर पर बलात्कार किया था। इस घटना के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ। पुलिस ने एक आरोपी को घटना के अगले दिन गिरफ्तार कर लिया, लेकिन कथित तौर पर हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान तालाब में कूदने से उसकी मौत हो गई। सरमा ने दावा किया कि एक तरीका है जिसमें पहले, एक या दो व्यक्ति गांव में प्रवेश करते हैं और अपना घर बसाते हैं, फिर वे अपने घरों में मांस खाना शुरू कर देते हैं और पड़ोसी इससे असहज होकर क्षेत्र छोड़ना शुरू कर देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, यह बारपेटा, मंगलदाई और अन्य स्थानों पर हो रहा है। पिछले मुख्यमंत्रियों ने ये बातें नहीं कही थीं, लेकिन मैंने यह कहा है। किसी दिन मेरी जान को खतरा हो सकता है, लेकिन मैं यह कह रहा हूं क्योंकि यह मेरा कर्तव्य है। उन्होंने किसी समुदाय का नाम लिए बिना कहा, यह सब पैसे का खेल है। वित्तीय ताकत असमिया लोगों के हाथों से निकलती जा रही है। वे इसका फायदा उठा रहे हैं। सरमा ने दावा किया कि अपराधियों को अदालत में सर्वश्रेष्ठ वकीलों की सेवाएं मिलती हैं क्योंकि समुदाय उनके लिए आगे आता है, लेकिन पीड़ित परिवारों को वित्तीय बाधाओं के कारण इतने अच्छे वकील नहीं मिलते हैं और कोई भी हमारे लिए आगे नहीं आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अब कुछ क्षेत्रों में भूमि की रक्षा के लिए कानून लेकर आई है और उन्होंने कैबिनेट मंत्री पीयूष हजारिका को ढिंग में स्थानीय लोगों के साथ इस बारे में चर्चा करने की जिम्मेदारी दी है कि अनुसूचित जाति समुदाय द्वारा बसाए गए गांव को कैसे संरक्षित किया जा सकता है। सरमा ने कहा, मुझे लगता है कि अगर राजनीतिक संरक्षण नहीं होगा तो ऐसी घटनाएं कम हो जाएंगी। लेकिन जब राजनीतिक संरक्षण होता है।

हरियाणा में सरकार भी बदलेगी और व्यवस्था भी : कुमारी सैलजा

नारनौल, एजेंसी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में आज बदलाव की बयार बह रही है, हरियाणा में सरकार भी बदलेगी और व्यवस्था भी बदलेगी। सरकार ने अग्निवीर के नाम पर युवाओं से मजाक किया है उनके भविष्य से खिलवाड़ किया है, अगर उनकी शहादत हो जाए तो सरकार उन्हें शहीद का दर्जा तक नहीं देती। उधर महंगाई की मार से महिलाएं परेशान है, बेरोजगारी से अपराध बढ़ रहा है और अपराध से प्रदेश में भय का माहौल है, रंगदारी मांगी जा रही है, गोलियां चलाई जा रही है और सरेआम हत्याएं की जा रही है। भाजपा सरकार के दस साल के कार्यकाल से परेशान प्रदेश की शांतिप्रिय जनता वोट की चोट से भाजपा सरकार से बदला लगी और उसे बाहर का रास्ता दिखाएगी। वे रविवार को नारनौल में कांग्रेस संदेश यात्रा के दौरान आयोजित सभा में उमड़े विशाल जनसमूह को संबोधित कर रही थी। उनके प्रति लोगों में भारी उत्साह देखा गया। बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज, डा. राज सुदेश ममता, गीता, रेखा, किरण, मुन्नीदेवी, मीरा ने उन्हें चुनरी पहनाकर सम्मानित किया तो राम सिंह ने उन्हें उनके पिता चौ. दलबीर सिंह का विशाल चित्र भेंट किया। महिलाओं ने उन्हें फूलाहार पहनाया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुज्जर, कालका के विधायक प्रदीप चौधरी, विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा, पूर्व विधायक जगजीत सिंह सांगवान, राज पाल सिंह पूर्व विधायक, महेंद्र सिंह, जगमाल सिंह डीपी, राव कमलबीर सिंह आदि मौजूद थे। इससे पूर्व पूर्व आईपीएस सुभाष यादव ने भी उनका स्वागत किया था। कुमारी सैलजा ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जिधर भी देखो बदलाव दिख रहा है लोगों की इच्छा है कि कांग्रेस की सरकार आए। जनता ने भाजपा को दस साल का मौका दिया पर जनता को कुछ भी नहीं मिला, आज भाजपा के हाथ से बाजी निकल चुकी है और हारी हुई बाजी नहीं जीत सकती। उन्होंने कहा कि महंगाई को लेकर हर वर्ग के लोग परेशान हे सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है उन्हें घर तक चलाने में कठिनाई हो रही है। आज युवाओं के भविष्य पर ग्रहण लगा दिया है, रोजगार देने का वायदा किया था पर भाजपा देने के बजाए छीनने में लगी हुई है। सीएमआई की रिपोर्ट कहती है कि हरियाणा बेरोजगारी में देश में नंबर वन है। उन्होंने कहा कि केंद्र हर साल दो करोड़ नौकरी देता तो प्रदेश के युवाओं को भी नौकरी मिलती, प्रदेश में दो लाख पद खाली पड़े है, बैकलॉग पूरा नहीं किया गया, एससी और बीसी बैकलॉग की यही हालत है, एचकेआरएन के तहत कर्मचारी रखकर उनका मानसिक, शारीरिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है, समान काम समान वेतन का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे है।

खतरे में कपिल सिब्बल की कुर्सी ? कोलकाता रेप केस में मिली चेतावनी, बार एसोसिएशन में हलचल

नई दिल्ली, एजेंसी। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के मामले में कपिल सिब्बल घिरते नजर आ रहे हैं। असल में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष के तौर पर एक प्रस्ताव जारी किया था। इसमें उन्होंने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई रेप की घटना को बड़ी बीमारी बताया था। कहा जा रहा है कि कपिल सिब्बल के इस प्रस्ताव से कोलकाता के जघन्यतम केस का सामान्यीकरण हो रहा है। इसको लेकर ही सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आदिश अग्रवाल ने कपिल सिब्बल को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कपिल सिब्बल से माफी मांगने को कहा है। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की चेतावनी दी है। अग्रवाल ने अपने पत्र में लिखा है कि कपिल सिब्बल द्वारा जारी प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव कमेटी द्वारा अप्रूव नहीं था। इस तरह से यह प्रस्ताव अवैध है। अग्रवाल ने सिब्बल पर अपने पद का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा है कि इस तरीके से वह घटना को कमतर करके दिखा रहे हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व करके और इस तरह के बयान देकर हितों के टकराव का भी आरोप लगाया। उन्होंने पत्र में लिखा है कि आप सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। बतौर वकील, आपको मामलों को स्वीकार करने और बहस करने का पूरा अधिकार है। 21 अगस्त, 2024 को आपने एससीबीए का एक कथित प्रस्ताव जारी किया। इसमें आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना को बीमारी जैसा बताया गया है। साथ ही कहा गया कि प्रस्ताव आशा करता है कि देश भर में हुई ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी। अग्रवाल ने अपने पत्र में कहा कि इस तरह का बयान शरारतपूर्ण, खतरनाक, असंवेदनशील और बलात्कार-हत्या पीड़िता और लाखों डॉक्टरों, प्रशिक्षुओं और छात्रों के साथ घोर अन्याय है। यह लोग अभी भी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और सुरक्षित कामकाजी माहौल की मांग कर रहे हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि कपिल सिब्बल इस प्रस्ताव को वापस लें और 72 घंटे के अंदर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। ऐसा नहीं करने पर सिब्बल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने दो नई योजनाओं का किया एलान

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार ने दो नई योजनाओं का एलान किया है। इनमें मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना और राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में रविवार को हुई कैबिनेट बैठक में उक्त फैसलों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट में मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के विधानसभा हलकों देहरा और हरोली के लिए भी बड़ी घोषणाएं की गई हैं।

मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना पर मुहर : एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना लागू करने का फैसला लिया है। इस योजना का मकसद विधवाओं, निराश्रित और तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों को उनके बच्चों को शिक्षा देने में आर्थिक मदद करना है। योजना के तहत पात्र बच्चों को 18 साल तक शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों की पूर्ति के लिए हर महीने एक हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त योजना के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस और छात्रावास व्यय के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

ई-टैक्सियों की खरीद पर भी फैसला : कैबिनेट में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना-2023 के तहत ई-टैक्सियों की खरीद के लिए 10 फीसदी मार्जिन मनी जमा कराने और बैंक द्वारा कर्ज की किश्त के वितरण के बाद 3 माह के भीतर 50 फीसदी की सब्सिडी दिए जाने को भी मंजूरी दी गई। इस योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए यूको बैंक को कर्ज मंजूर करने के लिए नोडल बैंक नामित किया गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक को प्रैफर्ड बैंक के रूप में नामित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 7.9 फीसदी प्रतिवर्ष ब्याज दर पर कर्ज प्रदान किया जाएगा।

बच्चों के लिए उम्र में छह महीने की छूट: कैबिनेट ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी में पहले से दाखिल बच्चों के लिए उम्र में छह महीने की छूट को स्वीकृति प्रदान की। इससे उन्हें पहली कक्षा तक अगली उच्च कक्षाओं में दाखिले की अनुमति मिल सकेगी। कैबिनेट ने इंस्पेक्टर, जेल अधिकारियों (जेल वॉर्डन से गैर-राजपत्रित रैंक के एक्जिक्यूटिव स्टाफ) और हिमाचल प्रदेश सचिवालय के सुरक्षा गार्डों के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में रियायती यात्रा के मासिक शुल्क को 110 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिमाह करने को स्वीकृति प्रदान की।

कैबिनेट ने जिला कांगड़ा के डाडासीबा में एक नया उप मंडल पुलिस कार्यालय और आलमपुर में पुलिस पोस्ट स्थापित करने तथा संसारपुर टैरेस व मोइन पुलिस पोस्ट को पुलिस स्टेशन में अपग्रेड करने का निर्णय लिया। कैबिनेट ने इन कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए जरूरी पदों के सृजन को भी मंजूरी दी। बैठक में जिला कांगड़ा के देहरा में जल शक्ति विभाग का नया सर्कल खोलने और इसके सुचारू संचालन के लिए जरूरी पदों को सृजित कर भरने को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, जिला ऊना के हरोली विधानसभा क्षेत्र के खड्ड में एक नया जल शक्ति विभाग का एक नया उप-मण्डल और अनुभाग स्थापित कर आवश्यक पद सृजित कर भरे जाएंगे। जिला ऊना के हरोली क्षेत्र के खड्ड में हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग का एक नया उप-मंडल खोलने और जरूरी पद सृजित कर भरने को भी मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट ने शिमला के कोटखाई के गुम्मा क्षेत्र के उबादेश में अग्निशमन चौकी खोलने और जरूरी पद सृजित कर भरने को स्वीकृति प्रदान की।

पंजाब में धवन की जगह लेंगे रोहित?

IPL 2025 से पहले मुंबई को सदमा देने वाली खबर

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले एक अहम खबर सामने आयी है. रोहित शर्मा मेगा ऑक्शन में दिख सकते हैं.

अगर उन्हें मुंबई इंडियंस ने रिलीज किया तो पंजाब किंग्स हर हाल में खरीदना चाहेगी. शिखर धवन के संन्यास के बाद पंजाब के पास कप्तान नहीं है. लिहाजा वह रोहित को खरीदना चाहेगी. पंजाब ने रोहित को लेकर कई संकेत दिए हैं. टीम ने हाल ही में एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर की है. इसके बाद से बाजार और ज्यादा गर्म हो गया है.

मुंबई ने आईपीएल 2024 में रोहित को कप्तानी से हटा दिया था. उनकी जगह हार्दिक पांड्या को जिम्मेदारी सौंपी गई थी. यह बात रोहित के साथ-साथ उनके फैंस को भी पसंद नहीं आयी थी. रोहित को कप्तानी से हटाने को लेकर पहले किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई थी. लिहाजा संभव है कि रोहित इस बार टीम का साथ छोड़ दें.

पंजाब किंग्स के साथ जुड़ सकते हैं रोहित -

रोहित को लेकर अफवाह उड़ रही है कि वे पंजाब किंग्स जॉइन कर सकते हैं. प्रीति जिंटा उन्हें हर हाल में टीम में शामिल करना चाहेंगी. पंजाब ने इसको लेकर हिंट भी दिए हैं.

दरअसल टीम ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है. इसमें रोहित और शिखर धवन नजर आ रहे हैं. रोहित और धवन की इस पुरानी फोटो पर फैंस के भी कई कमेंट आए हैं. टीम ने इससे पहले भी रोहित-धवन को लेकर पोस्ट शेयर की थी.

संक्षिप्त समाचार

13 सितंबर से होगा आईएसएल का आगाज, मोहन बागान और मुंबई सिटी के बीच होगा मुकाबला

WELCOME TO ISL!

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के 2024-25 सत्र की शुरुआत 13 सितंबर को होगी। पहला मुकाबला शील्ड विजेता मोहन बागान सुपर जाइंट और कप विजेता मुंबई सिटी एफसी के बीच खेला जाएगा। इन्हीं दोनों के बीच पिछले सत्र का फाइनल भी खेला गया था। आईएसएल ने रविवार को सत्र के शुरुआती 84 मुकाबलों के कार्यक्रम की घोषणा की जो इस साल के अंत तक चलेंगे।

शुरुआती सप्ताहांत में 14 सितंबर को सत्र में पहली बार एक दिन में दो मुकाबले होंगे जब चेन्नईयिन एफसी की टीम ओडिशा एफसी से उसके मैदान पर खेलेगी जबकि बेंगलुरू एफसी का सामना ईस्ट बंगाल एफसी से होगा। इसके अगले दिन केरल ब्लास्टर्स एफसी की टीम कोच्चि के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पंजाब एफसी की मेजबानी करेगी।

यूएस ओपन

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीतने के बाद अमेरिकी ओपन के लिए जोकोविच तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी। सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मंगलवार को मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है।

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सोमवार से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। गत विजेता जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

उनके नाम पर 24 ग्रैंडस्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है।

सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मंगलवार को मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है।

फेडरर ने 2004 से लेकर 2008 तक लगातार पांच खिताब जीते थे। जोकोविच को इस बार दूसरी वरीयता दी गई है। जोकोविच को स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कारेज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है, लेकिन वह अमेरिकी ओपन में अपना पांचवां खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

टी20 महिला क्रिकेट

विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान

मेलबर्न , एजेंसी। डार्सी ब्राउन पैर की चोट से उबर गई हैं और उन्हें 15 खिलाड़ियों की आईसीसी महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप टीम में शामिल किया गया है, जबकि अनुभवी स्पिनर जेस जोनासेन को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम की कमान एलिसा हिली के हाथों में होगी। छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को अक्टूबर में खेले जाने वाले इस मेगा इवेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा की।

बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के कारण महिला टी20 विश्व कप को लेकर भी काफी बवाल था। इस मेगा इवेंट की मेजबानी बांग्लादेश के पास थी। मगर, अब वेन्यू बदलकर यूएई कर दिया गया है। हालांकि, मेजबानी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के पास ही रहेगी। यह टूर्नामेंट यूएई के दो स्थानों - दुबई और शारजाह में 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। पिछले साल लंबे समय तक कप्तान रहीं मेग लैनिंग के संन्यास लेने के बाद एलिसा हीली टीम की कमान संभालेंगी और ऑलराउंडर ताहलिया मैकग्रा को उप-कप्तान बनाया गया है। यूएई में होने वाले विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम न्यूजीलैंड के साथ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इसके भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान कर दिया है। राष्ट्रीय टीम चयन प्रमुख शॉन फ्लेगर ने कहा, लंबे समय में यह पहली बार है जब विश्व कप से पहले हमारी पूरी टीम चयन के लिए उपलब्ध है। इसका परिणाम वास्तव में एक स्थिर और संतुलित टीम है।

एलिसा हीली पहली बार विश्व कप में कमान संभालेंगी और हम देख चुके हैं कि वह और ताहलिया मैकग्राथ नेतृत्व के दृष्टिकोण से कितनी मजबूत है, इसलिए उनके लिए सबसे बड़े मंच पर अपने देश का नेतृत्व करने का यह अवसर मिलना रोमांचक है। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप ए में भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है।

टी20 महिला विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमः

एलिसा हिली (कप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, एलाना किंग, फोबी लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम, टेयला व्लामिन्क।

एशियाई सर्फिंग चैम्पियनशिप में भारत का दबदबा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया। कमाली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमनी की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दूसरी हीट में कुल 32.16 स्कोर से पहला स्थान हासिल किया।

मालदीव में जारी एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में रविवार को भारत ने टीम स्पर्धा मरुहाबा कप में चीनी ताइपे और चीन को पछाड़कर रजत पदक पर कब्जा जमाया। शनिवार को भारत ने एशियाई खेलों में सर्फिंग में अपना पहला कोटा हासिल करने के एक दिन बाद पदक जीता। भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया।

ओलंपिक में सेल्फी लेना पड़ा भारी, उत्तर कोरिया के खिलाड़ियों को पड़ी लताड़

नई दिल्ली, एजेंसी। पेरिस ओलंपिक में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों के साथ मुस्कुराने वाली सेल्फी पर उत्तर कोरिया खिलाड़ियों को वहां के अधिकारियों से लताड़ लगाए जाने की कई विदेशी समाचार पत्रों ने रिपोर्ट दी हैं।

पेरिस ओलंपिक में उत्तर कोरिया की टेबल टेनिस रजत पदक विजेता री जोंग सिक और किम कुम योंग को पदक लेने के ग्रहण करते समय दक्षिण कोरिया के अपने प्रतिद्वंद्वी लिम जोंग-हून और शिन यू-बिन के साथ 'मुस्कुराने वाली सेल्फी के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार री जोंग सिक और किम कुम योंग पेरिस ओलंपिक से लौटे अन्य एथलीटों के साथ 'वैचारिक मूल्यांकन से गुजर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार यह मूल्यांकन उत्तर कोरिया में एक मानक प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य विदेशी संस्कृतियों के संपर्क में आने से होने वाले किसी भी दोषों को दूर करना है। प्योंगयांग में नाम ना बताने वाले अधिकारियों ने द डेली एनके ने बताया कि दुश्मन देश दक्षिण कोरिया के एथलीटों के साथ 'मुस्कुराने के लिए उत्तर कोरिया के एथलीटों को लताड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि इस सेल्फी में स्वर्ण पदक विजेता चीन के खिलाड़ी भी शामिल थे। इस सेल्फी को दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी लिम जोंग-हून ने लिया था। फोटो में दोनों कोरियाई राष्ट्रीय ध्वज हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ हार के बाद भड़के रमीज राजा

नईदिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर और पकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने रविवार (26 अगस्त) को रावलपिंडी में पहले टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ 10 विकेट से हार के बाद शान मसूद की टीम और टीम प्रबंधन पर जमकर निशाना साधा। राजा ने खराब टीम चयन और पाकिस्तान क्रिकेट टीम की खामियां बताया। रमीज ने बताया कि एशिया कप 2023 में भारतीय टीम ने पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों की कलई खोल कर रख दी थी। इसके बाद से पेस अटैक लय में नहीं दिखा है।

रमीज राजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम को लेकर कहा, सबसे पहले टीम चयन में गलती हुई। आप स्पिनर के बिना थे। दूसरी बात जिस प्रतिष्ठा के आधार पर हम अपने तेज गेंदबाजों पर भरोसा करते हैं वह खत्म हो गई है। मनोबल में गिरावट एशिया कप के दौरान शुरू हुई जब भारत ने तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में धज्जियां उड़ा दीं।

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज अधिक आक्रामक दिखे

रमीज राजा ने पाकिस्तानी गेंदबाजों को लेकर आगे कहा, तब यह रहस्य दुनिया के सामने आ गया कि इस गेंदबाजी लाइन-अप का मुकाबला करने का एकमात्र तरीका आक्रमण करना था। उनकी गति कम हो गई है और इसलिए उनके स्किल सेट में भी गिर गई है।

महाराजा टी-20 ट्रॉफी

36 छक्के उड़ाकर रचा इतिहास, टी-20 मैच में इस बल्लेबाज का भौकाल, सारे रिकॉर्ड किए तबाह

नईदिल्ली, एजेंसी। एक, दो, तीन, चार, पांच या छह नहीं पूरे 6 गुना ज्यादा छक्के. महाराजा टी-20 ट्रॉफी में खेल रहा ये बल्लेबाज अब सिक्स हिटिंग मशीन बन चुका है. उसने अकेले इतने छक्के मार दिए हैं कि लीग में खेल रही कुछ टीमों के मिलाकर भी इतने छक्के नहीं हैं.

इतना ही नहीं उसके और छक्के लगाने के मामले में नंबर 2 बल्लेबाज के बीच भी एक बड़ा फर्क है. अब अगर इतना कुछ उस बल्लेबाज से जुड़ा है, जिसका नाम अभिनव मनोहर है, तो वो तो रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रचेगा ही.

8 मैचों में जड़े 36 छक्के, तोड़ा रिकॉर्ड

महाराजा टी-20 ट्रॉफी का इस बार दूसरा सीजन खेला जा रहा है. लीग में अब तक खेले 8 मैचों के बाद अभिनव मनोहर ने 36 छक्के जड़े हैं. इस तरह उन्होंने इतिहास रचा है. क्योंकि, यहां तो अभी 8 मैच ही खेले गए हैं. लीग के पहले सीजन के पूरा होने पर किसी बल्लेबाज के खाते में सबसे ज्यादा 32 छक्के ही दर्ज थे. पहले सीजन में मोहम्मद ताहा ने 32 छक्के जड़े थे. लेकिन, इस बार अभिनव मनोहर जिस अवतार में है, लीग खत्म होने पर उनके छक्कों का टोटल कहां जाकर रुकेगा, अभी कहना मुश्किल है.

महाराजा टी-20 ट्रॉफी में सभी टीमें 10-10 मैच ग्रुप स्टेज पर खेलती हैं. उस लिहाज से अभिनव मनोहर की टीम शिवामोगा लायंस को अभी 2 मैच और खेलने हैं. इसके बाद अगर वो सेमीफाइनल और फिर फाइनल तक पहुंची तो कुल 4 मैच हो जाएंगे.

यानी, कम से कम अभिनव मनोहर के छक्कों की संख्या महाराजा टी-20 ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में अर्धशतकों की संख्या को तो पार कर ही लेगी.

छक्के जमाने में अभिनव मनोहर दूसरों की पहुंच से दूर

अभिनव मनोहर महाराजा टी-20 ट्रॉफी के पहले सीजन में 20 छक्के भी नहीं लगा पाए थे. लेकिन, इस सीजन छक्के जमाने के मामले में उन्होंने खुद को बाकी बल्लेबाजों से कितना आगे रखा है, वो आप इन आंकड़ों को देखकर अंदाजा लगा सकते हैं.

अब तक 8 मैच में 36 छक्कों के साथ अभिनव मनोहर टॉप पर हैं. वहीं इतने ही मैच खेलकर करुण नायर ने सिर्फ 18 छक्के जड़े हैं, और वो दूसरे नंबर पर हैं. साफ है अभिनव मनोहर पूरे दोगुने छक्कों की संख्या से आगे हैं. 8 मैच के बाद मनोज भांदागे ने महाराजा टी-20 ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में 17 छक्के जड़े हैं. साफ है कि नंबर 2 और नंबर 3 बल्लेबाज के छक्कों की संख्या को अगर जोड़ भी दें तो भी अभिनव मनोहर 1 छक्के से आगे हैं.

अफ्रीका का बुरा हाल, वेस्टइंडीज ने फिर बुरी तरह रौंदकर रचा इतिहास

नईदिल्ली, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच हारने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने अब वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज भी गंवा दी है. यह लगातार तीसरा मौका है जब वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज जीती है. दूसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से बुरी तरह हराया। वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की इस सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है.

रविवार को खेले गए दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है. ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में एक समय दक्षिण अफ्रीका जीत की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने खेल का रुख बदल दिया और दक्षिण अफ्रीका को हार की कगार पर ला खड़ा किया.

यह वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार तीसरी टी20 सीरीज जीत है. वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. शाई होप ने 22 गेंदों में 41 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 35 रनों का अहम योगदान दिया. शेरफेन रदरफोर्ड ने भी 29 रन जोड़कर टीम के स्कोर को सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचाया. जवाब में रीजा हेंड्रिक्स की धमाकेदार बल्लेबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत की. हेंड्रिक्स द्वारा खेली गई 18 गेंदों में 44 रनों की पारी टीम को जीत की ओर ले गई.

129 रन पर 3 विकेट गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका जीत से सिर्फ 51 रन दूर था, लेकिन इसके बाद टीम का बल्लेबाजी क्रम बुरी तरह से ढह गया. वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने 35 गेंदों में महज 20 रन देकर दक्षिण अफ्रीका के आखिरी 7 विकेट चटका दिए, जिसके चलते पूरी टीम 149 रन पर ऑलआउट हो गई. रोमारियो शेफर्ड ने 3 विकेट लेकर मैच को पलटने में अहम भूमिका निभाई, जबकि शमार जोसेफ 3 विकेट लेकर वेस्टइंडीज टीम को जीत की राह पर ले गए.

डुप्लांटिस ने किया कमाल, 6.26 मीटर के साथ साल में तीसरी बार पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

सिलेसिया, एजेंसी। भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज के शीर्ष खिलाड़ी अविनाश साबले रविवार को यहां सिलेसिया डाइमंड लीग में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के बीच निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 14वें सथान पर रहे।

अ[illegible]ड डुप्लांटिस ने रविवार को पोलैंड में सिलेसिया डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दौरान 6.26 मीटर के प्रयास के साथ पोल वॉल्ट में एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

लुईसियाना में जन्में 24 साल के डुप्लांटिस अपनी मां के देश स्वीडन की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हैं। डुप्लांटिस ने अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड में एक सेंटीमीटर का सुधार किया। डुप्लांटिस ने इस साल तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय द्वारा चलाया गया दिव्यांग जागरूकता अभियान

स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय
जनकपुर, पन्ना म.प्र.
दिव्यांग जागरूकता अभियान
दिनांक

पन्ना। श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान जनकपुर एवं स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के समेकित तत्वधान में नगर के वार्ड नंबर 17 रानीगंज मोहल्ला में दिव्यांग जागरुकता हेतु कैंप का आयोजन किया गया। उक्त जागरुकता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में नीलेश द्वारा अभिभावकों एवं नगर के लोगों को दिव्यांगता के प्रति शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओ जैसे पेंशन, कार्ड, सहायक उपकरणों, नोकरी में आरक्षण, शादी के लिए शासन से मिलने वाले पैसे एवं अन्य अधिकारो के बारे में विस्तृत जानकारी से परिचित कराया गया। कैंप नगर के वार्ड रानीगंज के अभिभावकों को, बीएड विशेष शिक्षा/डीएड विशेष शिक्षा के छात्र छात्राओं द्वारा दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में तैयार पैंपलेट भी वितरण किए गए। उक्त दिव्यांग जागरुकता अभियान कार्यक्रम घर, घर जाकर प्रारम्भ किया है, साथ ही स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान में नि:शुल्क प्रवेश एवं कक्षा 9 से 12 के बच्चों के लिए निशुल्क आवासीय सुविधाओं सम्बंधी प्रक्रिया के बारे में सूचनाएं दी गई। इस जागरुकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के कोर्स कोआर्डिनेटर श्रीमती प्रतिभा वर्मा आलोक यादव, श्रीमती वर्षा शर्मा श्रीमती अंजूलता ,विद्यालय परिवार से प्रधानाध्यापक लालता प्रसाद, रूपेन्द्र कुमार पटेल, श्रीमती स्वाति चौहान, श्रीमती आरती तोमर, आशीष सोनी, चंद्रशेखर कोल, स्वीटी खरे, चंद्र कुमार खरे अवधेश विश्वकर्मा राकेश अहिरवार प्रदीप कुमार एवं अन्य विद्यालय स्टॉफ उपस्थिति रहे।

देवेन्द्र नगर सतना रोड पर यात्री बस पलटी, दो दर्जन घायल, एक की मौत

मोटर साईकिल चालक को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

पन्ना। जिले के देवेन्द्र नगर थाना अन्तर्गत पन्ना सतना राष्ट्रीय राज्य मार्ग-39 राजापुर मोड़ के पास यात्री बस द्वारा मोटर साईकिल चालक को बचातें हुए टक्कर मार दी। जिसमें मोटर साईकिल चालक की मौत हो गई तथा उसमें सवार एक व्यक्ति घायल हो गया तथा बस में सवार दो दर्जन यात्री घायल हो गये। जानकारी के अनुसार पन्ना से सतना जा रही परमज्योती ट्रान्स पोर्ट कंपनी की बस एमपी 19 पी 2917 के चालक द्वारा एक मोटर साईकिल को बचाने के चक्कर में बस पलटा दी। जबकी बस चालक ने मोटर साईकिल मे टक्कर मार दी। जिससे मोटर साईकिल मे सवार दो लोगो मे एक की मौत हो गई। जिसमें म्रतक का नाम कोमल यादव निवासी जनगना विसानी का बताया गया है। जबकी उसके साथ उसी का रिस्तेदार गोलू यादव निवासी ककरहटी बुरी तरह घायल है। जिसको स्वास्थ केन्द्र देवेन्द्र नगर द्वारा रीवा के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही देवेन्द्र नगर पुलिस घटना स्थल पंहुची तथा घायलो को स्वास्थ केन्द्र देवेन्द्र नगर एवं जिला चिकित्सालय भेजा गया तथा म्रतक को पोस्ट मार्टम के लिए देवेन्द्र नगर पीएम हाउस मे रखा गया है। उक्त घटना से बस सवार यात्रीयों मे भय का माहोल व्याप्त है।

पेट्रोल पम्प स्वीकृत कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन के खिलाफ मामला दर्ज

पन्ना। पन्ना इंडियन ऑयल कार्पोरेशन का पेट्रोल पम्प स्वीकृत करवाने एवं लगवाने की बात कहकर छल करने की नीयत से बेईमानी पूर्वक 23 लाख 40 हजार रूपये हड़प लेने की शिकायत छतरपुर पुलिस उपमहानिरीक्षक को की गई थी। आवेदक राम राज पटेल की शिकायत के आधार पर पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले की जांच एसडीओपी एसपी सिंह बघेल से कराई गई थी। जिसमें शिकायत सही पाई गई थी। उक्त मामले में घटना को अंजाम देने वाले मास्टर मांईड अमानगंज निवासी राघवेन्द्र राज उर्फ गुड्डू मोदी पिता राकेश मोदी, सहित हरपाल पटेल पिता मिजाजी पटेल निवासी बिलखुरा तथा आदित्य कुशवाहा, पिता मोहन लाल कुशवाहा के खिलाफ कोतवाली थाना में निम्न धाराओं के तहत मामला कायम किया गया है। जिसमें 420, 467, 468, 471, 120 (बी) आईपीसी के तहत मामला कायम किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक रामराज पटेल निवासी सिमरी मडैयन थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना द्वारा पुलिस अधीक्षक पन्ना को अपने साथ किये गए छल-कपट कर लाखों रूपए ऐंठ लिए जाने की शिकायत की गई थी जिसकी जांच अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पन्ना द्वारा कराई गई। ज्ञात हो कि संबंधितो द्वारा इंडियन आयल कंपनी का पेट्रोल पंप लगवाने के लिए चेक तथा नगद रूप से अलग अलग तारीख में फरियादी से राशि ली गई थी।

ज्ञात हो कि मामला खुलने के पश्चात् संबंधितो द्वारा फरियादी के पैसा वापिस लेने के लिए भी दबाव डाला जा रहा था। लेकिन उक्त मामले में पुलिस द्वारा संबंधितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला कायम कर लिया है। अब पुलिस द्वारा सभी की गिरफ्तारी भी जल्दी की जायेगी।

जिले में 832.3 मिमी औसत वर्ष दर्ज

पन्ना

पन्ना जिले में इस वर्ष एक जून से 24 अगस्त तक 832.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा पवई में 1210 मिमी और सबसे कम देवेन्द्रनगर में 572.1 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह पन्ना में 759.9 मिमी, गुनौर में 710.6 मिमी, अमानगंज में 890.3 मिमी, सिमरिया में 1063.9 मिमी, शाहनगर में 747.8 मिमी, रैपुरा में 883.5 मिमी और अजयगढ़ में 653 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार शनिवार को भी सर्वाधिक वर्षा पवई में 80 मिमी दर्ज की गई, जबकि पन्ना में 22.3 मिमी, देवेन्द्रनगर में 8.2 मिमी, गुनौर में 2.4 मिमी, अमानगंज में 5 मिमी, सिमरिया में 16.4 मिमी, शाहनगर में 18.4 मिमी, रैपुरा में 16.2 मिमी और अजयगढ़ में 2.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

डेढ वर्ष तक दो लोगो ने किया दुष्कर्म, कोर्ट मैरिज कराने आया तो उसके परिजन भाग खड़े हुए

पन्ना। जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत ग्राम देवरा निवासी किस्सू यादव पिता हुकुम सिंह यादव ने पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन देते हुए बताया कि मेरी पुत्री को दो आरोपीयों द्वारा विगत वर्ष 15/03/2023 को घर से भगा कर ले गयें थें। जिसकी गुमशुदगी शिकायत मेरे द्वारा थाना शाहनगर में की गई थी। मे अनेको बार शाहनगर थाना पुलिस के पास गया। लेकिन मेरी पुत्री को ढूढने का प्रयास शाहनगर पुलिस द्वारा नही किया गया। दिनांक 20 अगस्त 2024 को मेरे मोबाईल पर मेरी पुत्री का फोन आया तथा उसनें सारी जानकारी मुझे दी, और मै सूचना मिलते ही पन्ना जिला मुख्यालय पंहुचा पुत्री द्वारा बताई गई जानकारी के संबंधित पिता ने आवेदन में उल्लेख किया कि पुष्पेन्द्र गुप्ता एवं रघुवीर यादव उर्फ (बेटा) निवासी कुदरा थाना अमानगंज के है जो 15 मार्च 2023 को पुत्री को जबरजस्ती उठाकर ले गये थें तथा आरोपी रघुबीर यादव उर्फ बेटा के द्वारा प्रेम प्रसंग मे फसा कर लगातार दुष्कर्म किया, तथा शरीरिक संबंध बनाता रहा है और जब बेटा यादव का मन मुझसे भर गया तो उसने मुझे पुष्पेन्द्र गुप्ता को बेच दिया मैं और मेरे साथ पुष्पेन्द्र गुप्ता शारीरिक शोषण करता रहा एवं मुझे नशे का इंजेक्शन देता रहा और पुष्पेन्द्र गुप्ता एक वर्ष तक मेरा शारीरिक शोषण करता रहा और पुष्पेन्द्र ने कहा कि अब दोनों को कोर्ट से शादी करना है इसलिए हम दोनों पन्ना आ रहे हैं और पुष्पेन्द्र गुप्ता मुझसे कोर्टमैरेज शादी जबरजस्ती करवाने के लिए मुझे पन्ना लेकर आ गया। जिसकी सूचना पुत्री द्वारा मुझे दी गई। तो हम लोग पन्ना आ गये, यहां पर दिनांक 23/08/2024 को प्रार्थी पुरानी कचहरी पर गया तो उसकी पुत्री वहाँ पर मिल गई और उसके साथ में पुष्पेन्द्र गुप्ता एवं उसका पिता एवं उसका भाई था जिन्होने मुझे देखते ही वहाँ से भाग गये। आवेदक ने अनावेदक पुष्पेन्द्र गुप्ता एवं बेटा यादव के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराये जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस द्वारा विवचेना की जा रही है।

कर्मचारी संगठनो ने वन विभाग द्वारा आयोजित संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक का किया बहिष्कार

पुराने एजेन्डे का निराकरण न करने के कारण नाराज है कर्मचारी

पन्ना। वनमंडल अधिकारी दक्षिण पन्ना द्वारा आज दिनाक 23.08.2024 को वन मंडल कार्यालय दक्षिण पन्ना में समय 11 बजे से पन्ना टाईगर रिजर्व एवं उत्तर वनमंडल की सयुक्त परामर्श दात्रि बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें म0प्र0 वन कर्मचारी संघ पन्ना द्वारा अपने पत्र कं0 12 दिनांक 22.08.2024 से होने वाली पूर्व सयुक्त परामर्श दात्री वैठक के पिछली एजेन्डा 2 वर्ष बीत जाने के उपरान्त पन्ना टाईगर रिजर्व द्वारा पालन प्रतिवेदन नहीं दिया गया एवं न ही उक्त बिंदुओ का निराकरण होने की संघ को कोई सूचना दी गई जब तक पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन: एवं कर्मचारियो के स्वयत्यो का निराकरण नहीं किया जाता है, तब तक परामर्श दात्रि समिति बैठक का आयोजन न किया जावे जिसमें जिले के समस्त मान्यता प्राप्त संगठनो ने वन कर्मचारी संघ पन्ना के पत्र में सामुहिक समर्थन किया गया है। उल्लखनीय है कि शासन की मंशानुसार वर्ष में चार बार संयुक्त परामर्श दात्रि की समिति बैठकों का आयोजन किया जाना है, जिसमें कर्मचारियो की समस्याओं का निराकरण किया जा सकें। वर्ष 2022-23 में आयोजित संयुक्त परामर्श दात्रि की बैठक में प्रस्तुत एजेन्डे का निराकरण न कर सयुक्त परामर्श दात्रि की बैठक का आयोजन कर ओपचारिकता निभाई जा रही है। जो शासन नियमो का खुला उल्घन है। जिसके कारण कर्मचारी संधो में आक्रोश व्याप्त है। वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महीप रावत ने कहा कि जब तक पुराने एजेन्डे मे सम्मिलित बिन्दुओ का निराकरण नही किया जायेगा तब तक परामर्श दात्री समिति की बैठक मे कर्मचारी संघठन भाग नही लेगें।

मारपीट करने वाले तीन आरोपियो को एक-एक वर्ष का कारावास

पन्ना। मारपीट करने वाले तीन आरोपीयो को एक एक वर्ष के कारावास के सजा से दण्डित किया गया है। उक्त सजा प्रीतम शाह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा दी गई है। मामले के संबंध में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना इस प्रकार है कि, फरियादी सतानंद प्यासी ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि दरवाजे के सामने वाली पट्टी की पुरानी बुराई को लेकर नागेन्द्र द्विवेदी, सिब्बू द्विवेदी, श्रीमती कमलेश तिवारी उटपटांग बोलने एवं लाठी डण्डा से मारपीट करने संबंधी रिपोर्ट किया कि वह खेती किसानी का कार्य करता है। उसके घर के सामने देवेन्द्र द्विवेदी का मकान है एवं देवेन्द्र द्विवेदी उसके दरवाजे के सामने पट्टी बनाये हैं। उसी पट्टी पर से हम लोगों की पुरानी बुराई चल रही थी। समय करीब 12 बजे वह उसके दरवाजे के बाहर खडा था तभी नागेन्द्र द्विवेदी, सिब्बू द्विवेदी, श्रीमती कमलेश तिवारी आये और उटपटांग बोलने लगे एवं नागेन्द्र द्विवेदी ने एक डण्डा मारा जो दाहिने हाथ की कलाई में लगा उसका लडका शिवान्द प्यासी एवं दयानंद व पत्नी सत्यभामा बचाने आई तो नागेन्द्र ने एक डण्डा मारा जो लडके दयानंद के बायें हाथ की टिहुनी में लगा, सिब्बू द्विवेदी ने उसके लडके शिवानंद प्यासी को एक डण्डा मारा जो बायें पैर के जांघ में लगा, बीच बचाव करते समय उसकी पत्नी सत्यभामा के धक्का मुक्की से कमर में दर्द हैं। उक्त मामले की शिकायत पर देवेन्द्र नगर थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया था तथा प्रकरण न्यायालय मे पेश किया संबंधित मामले में सभी गवाहो एवं साक्ष्यो को सुनने के बाद माननीय न्यायालय द्वारा तीनो आरोपीयो को एक एक वर्ष की सजा तथा पांच पांच सौ रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

रीवा। आपसी सुलह समझौते के आधार पर न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस वर्ष में आयोजित होने वाली यह तीसरी लोक अदालत है जिसमें पक्षकार आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं।

कलेक्टर ने राजनैतिक दल के अध्यक्ष के साथ की बैठक

फोटो निर्वाचक नामावली एवं उप निर्वाचन कार्यक्रम की दी जानकारी

पन्ना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटो निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के रिक्त पदों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी उप निर्वाचन के कार्यक्रम से भी अवगत कराया गया। बैठक में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रस्तुत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के संबंध में आगामी दिनों में भी प्राप्त प्रस्ताव का परीक्षण कर निधारित कार्ययोजना अनुसार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी। इसके लिए सभी उपस्थित प्रतिनिधियों से निर्धारित नियम अनुसार जैसे मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या, मतदान केन्द्रों की दूरी, जीर्ण-शीर्ण व नवीन भवन इत्यादि के आधार पर मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव संबंधी जानकारी से अवगत कराने की अपेक्षा की गई। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति का आग्रह किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ द्वारा त्रुटिरहित फोटो निर्वाचक नामावली के लिए 20 अगस्त से घर-घर जाकर सत्यापन कार्य प्रारंभ किया गया है। यह कार्य निरंतर 18 अक्टूबर तक संचालित होगा। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन इत्यादि कार्यों के लिए वांछित सहयोग करें। जारी कार्यक्रम अनुसार निर्वाचक नामावली का 29 अक्टूबर को प्रारूप प्रकाशन होगा। इसके उपरांत 28 नवम्बर तक दावा-आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। 09 एवं 10 नवम्बर तथा 16 एवं 17 नवम्बर को विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे। 24 दिसम्बर तक दावा-आपत्तियों का निराकरण कर 06 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्थानीय निकायों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन के संबंध में नाम निर्देशन पत्रों एवं मतदान संबंधी कार्यवाही से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि उप निर्वाचन के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गत 21 अगस्त से रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। अभ्यर्थी आगामी 28 अगस्त तक अपने नामांकन जमा कर सकते हैं। 29 अगस्त को प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तारीख 31 अगस्त निर्धारित है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी किया जाएगा।

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद शुक्ला
सी.ई.ओ./ मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत पन्ना जिला पन्ना (म.प.)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देश के अमर शहीदों को शत्-शत् नमन
अमित शर्मा
सौजन्य से-विदेशी मदिरा समूह देवेन्द्रनगर
विदेशी मदिरा समूह बृजपुर
विदेशी मदिरा समूह सलेहा पन्ना, जिला पन्ना (म.प्र.)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि प्रकाश खरे
डी.ई.ओ./जिला शिक्षा अधिकारी
जिला शिक्षा विभाग पन्ना, जिला पन्ना (म.प्र.)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविराज सिंह यादव
जिला उपाध्यक्ष भाजपा
एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बी.एस. यादव
कार्यपालन यंत्री
आर.ई.एस. विभाग पन्ना जिला पन्ना (म.प.)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीकांत उपाध्याय
उपयंत्री जनपद पंचायत गुनौर पन्ना जिला पन्ना (म.प.)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित यादव
ए.पी.ओ.
जनपद पंचायत अजयगढ़ पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा.एस.पी.एस.परमार
प्राचार्य
शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री आशाराम जी
सरपंच
ग्राम सुनहरा
नीता प्रजापति
सचिव
ग्राम सुनहरा
जनपद पंचायत पन्ना जिला पन्ना (म.प.)

जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में धूमधाम के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। स्कूल के विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण की जीवनलीला की जीवंत प्रस्तुतियाँ दीं तथा गीत एवं भजनों की भी प्रस्तुतियाँ दी गईं।

भगवान श्रीकृष्ण का जीवन चरित्र अनुकरणीय है : उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल

बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

रीवा। योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन चरित्र अनुकरणीय है। उनके जीवन से हमें शिक्षा मिलती है। उप मुख्यमंत्री ने कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना की, उनके पालने को झुलाया तथा भगवान को 56 भोग अर्पित किए। श्री शुक्ल ने इस दौरान यज्ञशाला में हवन किया तथा गौवंश वन्य विहार में गौपूजन किया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से मिलने वाली शिक्षा अनुकरणीय है। कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता हमें सीख देती है कि सखाभाव क्या है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को गौवंश अतिशय प्रिय थे। इसीलिए बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में जन्माष्टमी पर्व का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी स्वयं आने वाले थे लेकिन कृष्ण पाथेय संबंधित कार्यक्रम के कारण वह नहीं आ पाए। उन्होंने इस कार्यक्रम में मुझे शामिल होने के लिए कहा। बसामन मामा की सिद्ध भूमि में गौ अभ्यारण्य की स्थापना और यहाँ जन्माष्टमी का आयोजन आनंद का भाव भरने वाला है। मानव समाज के कल्याण व सुख-शांति के लिए गौ माताओं के संरक्षण की नितांत आवश्यकता है। गौवंश वन्य विहार में वन विभाग द्वारा 6 हजार वृक्ष लगाए गए हैं। अब उनके चारों तरफ पाथवे बना दिया जाएगा ताकि उन पौधों से जीवंत संपर्क हो सके। गौवंश वन्य विहार में कृत्रिम गर्भाधान संस्थान, सोलर प्लांट, मुर्गी पालन केन्द्र बनाए जा रहे हैं। गोबर गैस को सिलेण्डर में भरा जाएगा और इससे रीवा नगर निगम की कचरा गाड़ियाँ चलेंगी। यह गौवंश वन्य विहार आने वाले समय में आत्मनिर्भर बनकर देश में अपना महत्वपूर्ण स्थान हासिल कर लेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में प्रशासनिक भवन के बगल में भगवान श्रीकृष्ण के भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रीवा शहर एवं जिले में सभी कार्य भगवत् कृपा से ही हो रहे हैं। रीवा को देश का बेहतर जिला बनाया जाएगा। श्री शुक्ल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बसामन मामा मोड़ से गौशाला होकर सेमरिया तक जाने वाले सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराएं। उन्होंने पुरवाफाल के सौंदर्यीकरण एवं सिंचाई सुविधा के कार्यों में आ रही रूकावटों को दूर कराने का आश्वासन दिया। श्री शुक्ल ने उपस्थितजनों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी तथा पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी को जन्म दिवस की भी बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गौशाला प्रबंधकों व गौ सेवकों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि गौसेवा व वृद्धजन की सेवा हमारा दायित्व है। बदलते हुए दौर में किसानों को गौपालन करना चाहिए साथ ही वह उथली खेती भी करे तभी जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहेगी। श्री मिश्र ने कहा कि गौवंश का संरक्षण सिर्फ सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है अपितु ग्रामवासी अपने गौवंश का संरक्षण करे। उन्होंने आमजनों से गौशाला में आकर श्रमदान करने तथा गौवंश के लिए आहार की व्यवस्था करने की भी अपेक्षा की। सांसद ने कहा कि गौशालाओं में ऐसे गौवंश भी रहें जिनसे कृत्रिम गर्भाधान द्वारा उन्नत नस्ल के गौवंश हो सकें। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का अनुकरण करके ही हिनौती गौधाम में गौ अभ्यारण्य का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने जनसेवा के साथ-साथ गौसेवा के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का साधुवाद किया।

इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन में पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी ने उप मुख्यमंत्री जी को गौवंश वन्य विहार, पुरवाफाल, बसामन मामा मंदिर के पुनरूद्धार कार्य के साथ-साथ सेमरिया क्षेत्र के विकास के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रीवा गौभक्त रीवा के नाम से जाना जाएगा। श्री त्रिपाठी ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर निर्माण की बात कही। कार्यक्रम में स्वरा म्युजिकल ग्रुप द्वारा भक्ति संगीत के कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गईं। इस दौरान अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्री श्यामलाल द्विवेदी, मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, डीएफओ अनुपम शर्मा, पूर्व सांसद देवराज सिंह, त्रियुगीनारायण शुक्ला, जनपद अध्यक्ष रीवा संगीता यादव, जनपद अध्यक्ष सिरमौर रवीना साकेत, विधायक प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नि :शुल्क सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 29 अगस्त से

त्योंथर, डभौरा, सिरमौर व मऊगंज में भी आयोजित होगा स्वास्थ्य शिविर

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के निर्देश पर रीवा जिला मुख्यालय में 29 अगस्त से तीन दिवसीय निश्शुल्क सुपर स्पेशलिटी मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में किया जायेगा। इसी प्रकार त्योंथर में एक सितंबर को, डभौरा में 2 सितंबर को, सिरमौर में 3 सितंबर को तथा मऊगंज में 4 सितंबर को मेगा स्वास्थ्य शिविर में उम्मीदों वाली बस के माध्यम से जाँच की जाएगी। अरविंदों चिकित्सालय इंदौर के कुशल चिकित्सा विशेषज्ञों के दल द्वारा संभाग में असंचारी रोगों, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, स्टोक, कैंसर, शिशु रोगों, दंत रोग एवं आँख की जाँच तथा महिलाओं में व्याप्त कैंसर की जाँच, परामर्श एवं निवारण किया जाएगा साथ ही रोगों की स्क्रीनिंग की जाकर समुचित उपचार भी किया जायेगा। स्वास्थ्य शिविर में चलित वूमेन्स वेलनेस हास्पिटल ऑन व्हील्स डायग्नोस्टिक बसों में कैंसर स्क्रीनिंग हेतु ब्रोस्ट स्क्रीनिंग, सर्वाइकल कैंसर, ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग की जायेगी तथा मरीजों को इलाज किया जायेगा। इसी प्रकार आई क्लीनिक बस द्वारा मोतियाविंद एवं अन्य नेत्र रोग संबंधित बीमारियों की अत्याधुनिक मशीनों द्वारा जांच की जायेगी।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव

रीवा

शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ भक्तिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर भजन, गीत की प्रस्तुति हुई तथा विद्वानों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र पर व्याख्यान दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी चमाड़िया ने श्रीमद् भगवत् गीता के श्लोकों का सस्वर वाचन करते हुए प्रभु के कर्म सिद्धांत की व्याख्या की।

ओजस्वी एवं विदुषी वक्ता भाम्भवी मिश्रा ने श्रीकृष्ण के बाल्यावस्था एवं अन्य शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण द्वापर युग में जन्मे थे मगर वह आने वाले भविष्य के भी कर्मयोगी देवता हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव ने श्रीकृष्ण के जीवन से सीख लेने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि विश्व के वैज्ञानिक और विद्वान यह मानते हैं कि भगवत् गीता के उपदेशों पर यदि हम चलें तो हमें कभी असफलता नहीं मिलेगी। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय की छात्रा स्नेहा त्रिपाठी ने काव्य पाठ किया तथा अभ्युदय गुप्ता ने सुमधुर बासुरी का वादन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ महेन्द्रमणि द्विवेदी, डॉ आरपी गुप्ता, डॉ सरोज गोस्वामी, डॉ द्विजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, करूणा भांकर मिश्रा ने श्रीमद् भगवत् गीता एवं महाभारत के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. रचना श्रीवास्तव, डॉ. गीता सिंह, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. निवेदिता अग्रवाल, डॉ. ममता उपाध्याय, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. एच.जी.आर. त्रिपाठी, डॉ. देवाशीष बनर्जी, डॉ. इला तिवारी, डॉ. वर्षा खरे, डॉ. वंदना त्रिपाठी, डॉ. पुष्पा तिवारी, डॉ. सीमा पटेल, डॉ. रश्मि अर्नाल्ड, डॉ. अनुराधा मिश्रा, डॉ. राहुल रूपेश, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. मुकेश येंगल, डॉ उमेश मिश्रा लखन, डॉ. मनोरमा पाण्डेय, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. जय प्रकाश पटेल, डॉ. रोहित तिवारी, डॉ. आरिफ खान एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

कलेक्टर आज करेंगी राजस्व कार्यों की समीक्षा

रीवा। राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 27 अगस्त को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल राजस्व महाअभियान की समीक्षा करेंगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार, नक्शा तरमीम तथा अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के प्रकरणों में ई केवाईसी, भू राजस्व की वसूली, अवैध कब्जा हटाने, प्राकृतिक आपदा में राहत राशि के वितरण तथा गौशालाओं के संचालन की भी समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी राजस्व अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग 28 अगस्त को

रीवा। जिले में अतिशेष सहायक एवं प्राथमिक शिक्षकों की काउंसलिंग 28 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में की जाएगी। शिक्षकों 27 अगस्त को दोपहर 12 बजे तक अभ्यावेदन के साथ अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए हैं।

जिले में अब तक 419 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा। जिले में 26 अगस्त को 5.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 14-14 मिलीमीटर वर्षा त्योंथर एवं मनगवां तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 419 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 473.2 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 265.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 772 मिलीमीटर, सिरमौर में 424.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 232.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 309.2 मिलीमीटर, मनगवां में 610 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 265 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 523.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

कोठी कंपाउण्ड के मनकामेश्वर शिव मंदिर का जन सहयोग से होगा जीर्णोद्धार

रीवा। रीवा शहर के हृदय स्थल में व्यंकट भवन के समीप प्राचीन मनकामेश्वर शिव मंदिर स्थित है। इसमें प्रतिदिन हजारों भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बाजार के मध्य में स्थित होने से यहाँ दिन भर चहल-पहल रहती है। कोठी कंपाउण्ड स्थित मनकामेश्वर शिव मंदिर का जन सहयोग से जीर्णोद्धार किया जाएगा। सर्किट हाउस में इस संबंध में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए व्यापारी समुदाय की ओर से बढ़चढ़ कर सहयोग दिया जा रहा है। इसके निर्माण के लिए समिति बनाकर सहयोग राशि संचित करें।

मंदिर के जीर्णोद्धार की पूरी कार्ययोजना तैयार कर लें। मंदिर के गर्भगृह और प्रतिमाओं को मूल स्थान पर रखते हुए जीर्णोद्धार तथा मंदिर विस्तार का कार्य कराएं। जीर्णोद्धार के बाद इस मंदिर में भक्तों के लिए कई सुविधाओं का विकास होगा। बैठक में जीर्णोद्धार के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा व्यापारी समुदाय की ओर से कई सुझाव दिए गए। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, जनप्रतिनिधिगण तथा व्यापारी समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शहर में आज चार स्थानों पर लगेंगे राजस्व शिविर

रीवा। राजस्व महाअभियान के तहत रीवा शहर में 27 अगस्त को चार स्थानों पर राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने बताया कि राजस्व महाअभियान के तहत आयोजित इन शिविरों में नक्शा तरमीम तथा समग्र ईकेवाईसी के प्रकरण निराकृत किए जाएंगे। शहर में आशीर्वाद प्लाजा ढेकहा, कैलाशपुरी मंदिर वार्ड नम्बर 9, टाउनहाल नगर निगम रीवा तथा बिपिन कम्प्यूटर्स महाजन टोला में शिविर लगाए जा रहे हैं।

स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक आज

रीवा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत मल कीचड़ प्रबंधन एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति की बैठक 27 अगस्त को प्रात: 11 बजे से नगर निगम सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करेंगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

पुनर्घनत्वीकरण योजना से नए जेल परिसर और बस स्टैण्ड का होगा निर्माण

शहर को विकसित करने के लिए अधोसंरचना का विकास है आवश्यक : उप मुख्यमंत्री

रीवा। सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। शहर को विकसित करने के लिए अधोसंरचना का विकास आवश्यक है। पुनर्घनत्वीकरण योजना के माध्यम से शहर में कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए गए हैं। इसकी प्रस्तावित नवीन योजना को मंजूरी मिलने पर ग्राम बैसा में नए जेल परिसर और ट्रांसपोर्ट नगर में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड का निर्माण होगा। शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त होते ही प्रस्तावित निर्माण कार्य तत्परता से शुरू करें। प्रस्तावित नए जेल परिसर में दो हजार बंदियों को रखने के लिए आधुनिक भवन बनाया जाएगा। इसके लिए 54 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। नई बैरक के साथ-साथ आवासीय भवन तथा अन्य निर्माण कार्य भी होंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इसके बनने से शहर के अंदर बसों का प्रवेश कम होगा। नए बस स्टैण्ड में दुकानें, रैन बसेरा तथा अन्य सुविधाएं होंगी। बसों के खड़ा करने के लिए यार्ड की भी व्यवस्था करें। प्रस्तावित बस स्टैण्ड में प्रवेश के लिए डिवाइडर सहित पर्याप्त चौड़ी रोड का निर्माण कराएं। बैठक में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत शहर के अन्य स्थानों में प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में इंजीनियरिंग कालेज के सामने आवासीय परिसर, जनपद कार्यालय रीवा की भूमि पर कार्यालय तथा दुकानों के निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों की चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, उपायुक्त प्रबोध पराते, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833